दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 272 | जयपुर | मंगलवार, 05 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-एकादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### गोविंद देवजी मंदिर के जन्माष्टमी महोत्सव में झूम उठे लोग



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को निंबार्क परिषद की ओर से मंदिर परिसर में भक्ति भजन और बधाई गायन हुआ। ठाकुर राधा गोविंददेवजी के समक्ष जब गायन और वादन की स्वर लहरियां गूंजीं तो श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। भजनों में भजो राधे गोविंद भजो राधे गोपाल, मदन गोपाल शरण तेरी आयो, हरि हरि बोल, कान्हा झूले पालना और मुरली जोर की बजाई रे नंदलाला... जैसे गीतों पर श्रद्धालुओं की तालियां गूंजती रहीं। मंदिर की छांवण में भक्ति का ऐसा वातावरण बना कि सैकड़ों की संख्या में मौजूद भक्त आखिरी तक भजनों में डूबे रहे। निंबार्क संप्रदाय के आचार्य महामंडलेश्वर पद्मनाभ शरण देवाचार्य ने बताया- गोविंद का स्थान ही उल्लास का स्थान है। हम लोग गाते हैं ङ्क नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की। लेकिन नंद के कन्हैया तो बाद में हैं। पहले गोविंद हैं। यही गोविंददेवजी मंदिर की विशेषता है।

### हिंदी भाषियों से नफरत नहीं करें : राज ठाकरे

#### कार्यकर्ताओं से कहा- मराठी भाषा का मुद्दा जरूरी लेकिन बेवजह की हाथापाई से बचें



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर विवाद के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने अपने सुर बदले हैं। उन्होंने आज कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि मराठी भाषा का मुद्दा जरूरी है लेकिन हिंदी भाषियों से नफरत नहीं करें और किसी के भी साथ बेवजह की हाथापाई से बचें। ठाकरे ने कहा कि यदि कोई मराठी सीखना चाहता है तो उसकी मदद करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मराठा को मुद्दा बनाने पर जोर दिया और इसे घर-घर पहुंचाने की बात कही। यह नसीहत ऐसे समय में आई है जब भाषा विवाद को लेकर स्न्ह्स कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगातार नए मामले सामने आ रहे थे।

ठाकरे ने कहा कि महानगरपालिका चुनाव की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। कार्यकर्ता स्थानीय मुद्दों को लेकर ग्राउंड पर उतरें और वोटर्स लिस्ट पर काम शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि 20 साल बाद हम दो भाई जब साथ आ सकते हैं तो तुम क्यों लड़ते हो? मतभेद भुलाकर साथ में काम पर लगना है।

# झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन

## रांची पहुंची पार्थिव देह, रामगढ़ में आज अंतिम संस्कार किया जाएगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर दिल्ली से रांची लाया गया। शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर एयरपोर्ट से सीधे मोरहाबादी आवास लाया गया। मंगलवार को रामगढ़ के नेमरा गांव में दोपहर 12 बजे शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी शामिल होंगे। छोटे बेटे बसंत सोरेन उन्हें मुखाग्नि देंगे। राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने गंगाराम अस्पताल पहुंचकर शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, मीसा भारती, मनोज झा और आरजेडी के कई नेताओं ने भी अस्पताल में परिवार से मुलाकात की।

दिशोम गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध सोरेन ने आज सुबह दिल्ली के

### छोटे बेटे बसंत सोरेन मुखाग्नि देंगे

सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे 81 साल के थे। सोरेन पिछले डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इससे उनके शरीर के बायीं ओर पैरालिसिस हो गया था। वे पिछले एक महीने से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे।

न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी। शिबू सोरेन लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वे बीते एक साल से डायलिसिस पर थे। उन्हें डायबिटीज थी और हार्ट की बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी। बीते कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी।

### झारखंड में 3 दिन का राजकीय शोक

शिबू सोरेन के निधन पर झारखंड सरकार ने 3 दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है। जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने दैनिक भास्कर को बताया कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज सोमवार शाम 5-6 बजे तक रांची लाया जाएगा।

### यूपीए कार्यकाल में रहे थे कोयला मंत्री

शिबू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक थे। वह यूपीए के पहले कार्यकाल के दौरान कोयला मंत्री रह चुके थे। हालांकि चिरूडीह हत्याकांड में नाम आने के बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्रीमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

### 13 साल में हुई थी पिता की हत्या

81 साल के दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्म वर्तमान रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के नेमरा में 11 जनवरी 1944 को हुआ। गांव के ही स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा लिए दिशोम गुरु का जीवन संघर्षों भरा रहा है। महज 13 साल की उम्र के थे, जब उनके पिता की हत्या महाजनों ने कर दी। इसके बाद शिबू सोरेन ने पढ़ाई छोड़ दी और महाजनों के खिलाफ संघर्ष का फैसला किया।

### पहली बार जब सीएम बने, 10 दिन में गिर गई सरकार

**शिबू सोरेन 2 मार्च 2005 को पहली बार झारखंड के सीएम बने, लेकिन बहुमत साबित नहीं कर पाने के कारण दस दिन में ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। 27 अगस्त 2008 को शिबू सोरेन दूसरी बार झारखंड के सीएम बने। इस बार वे विधायक नहीं थे। इस कारण छह महीने में उन्हें चुनाव जीतकर विधानसभा का सदस्य बनना था। पांच महीने बाद 2009 में उपचुनाव हुआ। शिबू को एक सुरक्षित सीट की जरूरत थी, लेकिन कोई भी उनके लिए सीट छोड़ने को तैयार नहीं था। जो विधायक सीट छोड़ने को तैयार थे, वो मुश्किल सीट थी। तमाड़ विधानसभा में उपचुनाव का ऐलान हुआ। यूपीए ने गठबंधन की ओर से शिबू का नाम रखा, लेकिन शिबू वहां से चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे।**

# सीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

## सवाई माधोपुर, करौली व धौलपुर जिलों में लिया हालात का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सवाई माधोपुर, करौली और धौलपुर जिलों में जलभराव व अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सवाई माधोपुर जिले के चकचैनपुरा, करौली जिले के मण्डरायल एवं धौलपुर जिले के बिश्नोदा में प्रभावित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी तथा संबंधित अधिकारियों को आपदा राहत कार्य मुस्तैदी से किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सवाई माधोपुर जिले के भारी बारिश से प्रभावित गांवों चकेरी, जडावता, अजनोटी, मेनपुरा, धनोली, सूरवाल एवं खण्डार की क्षतिग्रस्त बोदल पुलिया, करौली जिले के अतिवृष्टि प्रभावित गांवों कसेड़, केमकछ, टोड़ी, मल्हापुरां, रांचौली, रहुघाट, मण्डरायल और धौलपुर जिले के राजाखेड़ा उपखंड के अतिवृष्टि प्रभावित गांवों कठूमरा, महमदपुरा, बक्सपुरा, चीलपुरा, चाडियान का पुरा, गढ़ी जाफर, बसई घीयाराम, अंधियारी के साथ ही निभी का ताल व उर्मिला सागर बांध (बाड़ी) का हवाई सर्वेक्षण कर अतिवृष्टि से हुए जलभराव और नुकसान का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने भारी बारिश एवं जलभराव से प्रभावित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनकी हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष असामान्य और अत्यधिक वर्षा के कारण बने हालात पर राज्य सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। जिला कलेक्टर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से नियमित रूप से बैठक कर फीडबैक लिया जा रहा है।




### सीएम की सुरक्षा में चूक, गलत जगह उतारा चार्टर प्लेन
### दोनों पायलट को उड़ान ड्यूटी से हटाया

सीएम भजनलाल शर्मा की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। पायलटों ने सीएम का चार्टर विमान गलत जगह पर लैंड करा दिया। मामला 31 जुलाई का दोपहर 1:18 बजे का है। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, चार्टर प्लेन संचालन कंपनी ने रिपोर्ट में बताया कि दोनों एयरस्ट्रिप की स्थिति एक जैसी है, इसलिए भ्रम हुआ था। कंपनी की रिपोर्ट के बाद डीजीसीए ने फिलहाल दोनों पायलट को उड़ान ड्यूटी से हटा दिया है। दरअसल, चार दिन पहले सीएम जयपुर से फलोदी के लिए फाल्कन-2000 चार्टर विमान से रवाना हुए थे।

उस समय विमान को फलोदी एयरफोर्स स्टेशन पर उतरना था। लेकिन वह गलती से शहर की सिविल एयरस्ट्रिप पर उतर गया। पायलटों को चूक का एहसास हुआ। उन्होंने तुरंत विमान को फिर से उड़ाया और करीब 5 किमी दूर स्थित फलोदी वायुसेना स्टेशन पर उतारा। यहां से सीएम हेलिकॉप्टर से रामदेवरा पहुंचे थे। फिर इसी विमान से जयपुर लौटे थे। राज्य सरकार सीएम और राज्यपाल की हवाई यात्रा के लिए चार्टर प्लेन और हेलिकॉप्टर किराए पर लेती है। इस यात्रा के लिए भी निजी कंपनी का चार्टर प्लेन आया था। यात्रा के बाद चार्टर कंपनी की रिपोर्ट से गलत एयरपोर्ट पर लैंडिंग का खुलासा हुआ।

# ट्रम्प की भारत को ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी

## कहा- भारत रूसी तेल खरीदकर मुनाफे पर बेच रहा, उसे यूक्रेन में मरने वालों की परवाह नहीं

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर और ज्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है।

ट्रम्प ने कहा कि भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कहा था कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है।

हालांकि इन दावों को खारिज करते हुए एएनआई ने कहा था कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही हैं।



### ट्रम्प के सलाहकार बोले- भारत ईमानदारी से पेश नहीं आ रहा

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सलाहकार स्टीफन मिलर ने आज ही कहा है कि भारत, अमेरिका के साथ ईमानदारी से पेश नहीं आ रहा है। मिलर ने फॉक्स न्यूज पर एक इंटरव्यू में कहा कि भारत खुद को हमारा करीबी देश बताता है, लेकिन इसके बावजूद वह हमारे सामानों को मंजूरी नहीं देता और अमेरिकी सामानों पर भारी टैरिफ लगाता है। मिलर ने आगे कहा कि भारत, अमेरिका की इमिग्रेशन पॉलिसी का गलत फायदा उठाता है और अब रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंड कर रहा है। मिलर का बयान ऐसे समय पर आया है जब अमेरिका, भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर दबाव बना रहा है। मिलर ने कहा कि भारत अब चीन की तरह रूस का बड़ा ग्राहक बन गया है, जो हैरान करने वाली बात है।

# ओवल में टीम इंडिया का कमाल

## सिराज-प्रसिद्ध के बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत को मिली जीत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी को 2-2 से बराबर कर दिया है। इस दौरान ओवल के केनिंग्टन में खेला गया टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया। जिसे भारतीय टीम ने 6 विकेट से अपने नाम किया। 2-2 से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज ड्रॉ रही। आखिरकार, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी को 2-2 से बराबर कर दिया है। इस दौरान ओवल के केनिंग्टन में खेला गया टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया। जिसे भारतीय टीम ने 6 विकेट से अपने नाम किया। 2-2 से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज ड्रॉ रही, लेकिन इसे टीम इंडिया के लिए सीरीज जीत ही समझा जाना चाहिए, क्योंकि इंग्लैंड को पहले मैच में बड़ी जीत मिली थी, लेकिन भारत ने अगला ही मैच जीतकर दमदार वापसी की थी। हालांकि, लॉर्ड्स में भारत को हार मिली थी, लेकिन मैनेचेस्टर टेस्ट ड्रॉ रहा था।

चौथे टेस्ट मैच में गेंदबाजी की बात करें तो मोहम्मद सिराज ने दोनों पारियों में कहर बरपाया। दोनों पारियों में उनकी गेंदबाजी ही इस मैच में टीम इंडिया के लिए जीत का वरदान साबित हुई। पूरी जान लगाकार मोहम्मद सिराज ने गेंदबाजी की। उनका साथ प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप ने दिया। इस मैच में भारत तीन ही तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था। ऐसे में तीनों को मैनेज करना कप्तान शुभमन गिल के लिए भी चुनौती थी, लेकिन गिल ने अच्छी कप्तानी थी।




# कुलगाम में लगातार चौथे दिन एनकाउंटर जारी

## अब तक 2 आतंकी ढेर, 4 जवान घायल; रुद्र हेलीकॉप्टर-ड्रोन से आतंकियों की तलाश की जा रही

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर के कुलगाम स्थित अखल के जंगलों में लगातार चौथे दिन सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। अब तक इस ऑपरेशन में दो आतंकवादी मारे गए हैं। 4 जवान भी घायल हुए हैं। इनमें एक सोमवार सुबह घायल हुआ। जवान को इलाज के लिए श्रीनगर के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं, जंगल में छिपे हुए और आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घेराबंदी बढ़ा दी गई है। सीनियर पुलिस और सेना के अधिकारी ऑपरेशन को अंजाम देने में जुटे हैं। रुद्र हेलिकॉप्टर, ड्रोन, हाई टेक्नीक वाले निगरानी उपकरण और पैरा फोर्सेज को तैनात किया गया है। कुलगाम में सुरक्षाबलों ने 2 अगस्त को दो आतंकवादियों को मार गिराया था। दोनों के शव भी बरामद हुए। इनमें एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है।

हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से च-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुए थे।




कुलगाम में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग की एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद 1 अगस्त की शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जम्मू-कश्मीर में एक हफ्ते के भीतर यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले, 28 जुलाई को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत, लिडवास के जंगलों में पहलगाम हमले में शामिल 3 आतंकियों को मारा था।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हर हाल में हो, राहत में विलंब अस्वीकार्य : कलक्टर

## जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने ली जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक स्तर तक समस्त अधिकारियों की वीसी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को लेकर पूरी तरह सख्त नजर आ रहे हैं। हसीजा ने सोमवार सुबह समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक लेकर संपर्क पोर्टल, एसआईआर सहित विविध विषयों पर समीक्षा की। इस वीसी में एडीएम नरेश बुनकर, एसडीएम बृजेश गुप्ता, आयुक्त बृजेश राय, एसीईओ डॉ सुमन अजमेरा, एसई एवीवीएनएल बी एस शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी वीसी कक्ष में मौजूद रहे। वहीं समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नगर पालिकाओं के ईओ, बीडीओ, क्षेत्रीय वन अधिकारी आदि अपने अपने उपखंड से वीसी के माध्यम से कनेक्ट हुए।

संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण कर परिवादी को राहत पहुंचाएं, कोई भी शिकायत अनावश्यक लंबित न रहे। उन्होंने सहायक निदेशक लोक सेवाएं को निर्देश दिए कि 30 दिन से अधिक शिकायत लंबित रखने वाले विभागों की सूची रोज सुबह शेयर करें ताकि उन्हें ऐसा न करने के लिए पाबंद किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, शिकायतों का निस्तारण संतुष्टि प्रतिशत आदि को लेकर भी विभागवार समीक्षा की। विभागों से कहा कि आपसी समन्वय से शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करें एवं हर सप्ताह अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ विभाग के प्रकरणों की समीक्षा कर निस्तारण करें। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर भी समीक्षा की। कलक्टर ने स्कूल मतदाता साक्षरता क्लब बनाने, शाला दर्पण पर ईएलसी प्रभारियों की जानकारी अद्यतन करने, नए मतदान बूथों के प्रस्ताव जल्द से जल्द भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही देवगढ़ नगर पालिका में वार्ड क्रमांक 9 के चुनाव को लेकर देवगढ़ तहसीलदार को सजग रहने एवं निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।




कलक्टर ने जर्जर भवनों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा चाही गई सूचना नहीं भिजवाने वाले अधिकारियों से कहा कि इस काम में कोई लापरवाही नहीं हो, जर्जर भवनों की सूचना जल्द से जल्द भिजवाएं, राज्य सरकार इसे लेकर पूरी तरह गंभीर है। एडीएम नरेश बुनकर ने कहा कि मतदान केंद्रों के पुनर्गठन हेतु प्रस्ताव ईआरओ नेट पर उपलब्ध भाग एवं अनुभाग में वर्तमान मतदाताओं की संख्या के अनुसार तैयार करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के वास्तविक सीरियल नंबर ई रोल फ्रीज होने के उपरान्त जब पुनर्गठन के प्रस्तावों को ईआरओ नेट पर डिजिटाइज करना होगा तब प्रस्तावों में मामूली बदलाव करने के उपरांत फाइनलाइज्ड किया जा सकता हैं।

## इनर व्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास ने ढीकली स्कूल में सोलर कुकर भेंट किया




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास ने दिनांक 4 अगस्त को पब्लिक रेजिडेंशियल स्कूल, ढकली में एक सोलर कुकर भेंट किया।

क्लब की पूर्व अध्यक्ष नयना जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को इस पर्यावरण मित्र तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग कर अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। यह न सिर्फ ऊर्जा की बचत करता है, बल्कि यह स्वास्थ्यवर्धक भोजन का साधन भी है।

इस अवसर पर सोलर वूमन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. मंजू जैन ने सोलर कुकर की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि वह पिछले 42 वर्षों से सोलर कुकर में ही भोजन तैयार कर रही हैं। सोलर कुकर में सूजी, मूंगफली, गेहूं का रवा सेंका जा सकता है, साथ ही आलू, शकरकंद, दालें, हरी सब्जियां उबाली जा सकती हैं। मिठाइयों जैसे लड्डू, खीर, लपसी इत्यादि भी सरलता से बनाए जा सकते हैं। यह तकनीक वर्किंग वुमन और किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। क्लब की सक्रिय सदस्यों आशा श्रीमाली और बेला व्यास की उपस्थिति एवं सहयोग ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बनाया।

कार्यक्रम में वाटर हीरो के नाम से प्रसिद्ध डॉ. पी.सी. जैन ने बच्चों से जल संरक्षण को लेकर प्रेरणादायक नारे लगवाए। भारत विकास परिषद सुभाष के डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा एवं सचिव शोभा लाल दशोरा, साथ ही पैसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस (च्ड्डै), उमरड़ा के स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के जिग्नेश उपाध्याय द्वारा किया गया।

## सावन के महीने में हुआ प्यारा सावन रंगीला लहरिया समारोह का आयोजन

### कांकरोली के चौमुखा महादेव मंदिर परिसर में हुआ एक दिवसीय आयोजन,

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** सावन का महीना शिव की आराधना के लिए उत्तम महीने का समय है।इस समय प्राकृतिक खुद धरती का श्रृंगार करती है। चारों तरफ हरियाली,मनमोहक मौसम और पक्षियों की कलरव हर किसी को आकर्षित करते हैं।जब पक्षी भी प्रफुल्लित होते हैं तो इंसानों की तो बात ही क्या कहें। राजसमंद के कांकरोली स्थित चौमुखा महादेव मंदिर में उषा विजयवर्गी एवं भावना पालीवाल द्वारा प्यारा सावन रंगीला लहरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उषा विजयवर्गीय एवं भावना पालीवाल ने बताया कि समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए एकल नृत्य,समूह नृत्य जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। राजनीतिक, व्यापारिक,घरेलू लगभग सभी वर्गों और उम्र की महिलाओं ने सावन के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। इसके साथ हीं महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के समापन के बाद विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया वहीं सामूहिक गोठ भी आयोजित की गई।

## हरियालो राजस्थान अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्र में किया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव टीडियासर में आदर्श लाइब्रेरी और आदर्श स्कूल टीडियासर द्वारा राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अभियान में छात्रों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर आदर्श स्कूल के प्रधानाध्यापक विनोद गंडास, निदेशक चंद्रशेखर गंडास, श्याम इन्फोटेक टीडियासर से राधेश्याम पारीक, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से हनुमान , मुन्नी, नारायण गोस्वामी, राकेश पारीक सहित आदर्श लाइब्रेरी के विद्यार्थी , केआर सर ,मनीष सहारण, शिवप्रकाश, गुमानाराम , भँवरलाल, राम शर्मा, महेंद्र कस्वां, प्रिया, अंकिता, पूजा, कविता, पूनम, निरमा, पूजा नाई ,प्रियंका ,कविता सहारण, सुखमा, सुनीता आदि मौजूद थे।

## उदयपुर राउंड टेबल 253 के चेयरमैन कुणाल बागरेचा एंव सचिव नरेन तेजवानी बनें

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर राउंड टेबल 253 की ग्यारहवीं वार्षिक बैठक आज कए निजी होटल में आयोजित हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से सदस्यों ने भाग लिया। टेबल के तिलक कटारिया ने बताया कि बैठक में सर्वसहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष कुनाल बागरेचा को, सचिव नरेन तेजरानी, उपाध्यक्ष पार्थ कर्णावट, प्रियांक माथुर को कोषाध्यक्ष और ध्रुव सोजतिया को पूर्व अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। राउंड टेबल इंडिया के राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष धर्मवीर पांड्या एरिया आब्जर्वर के रूप में उपस्थित रहे। यह टीम शहर के विकास और सामाजिक सेवा के लिए नए आयाम स्थापित करने के लिए कार्य करेगी।

## भाड़ंग के राजकीय विद्यालय में पोषण वाटिका की स्थापना



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव भाड़ंग के राउमावि में स्वर्गीय चौधरी मनफूल राम सहारण की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र मास्टर वारंट ऑफिसर निराणाराम (भारतीय वायु सेना ) के आर्थिक सहयोग से पोषण वाटिका की स्थापना की गई तथा उन्होंने विद्यालय को एक प्रेयर चेयर भी भेंट की । संस्था प्रधान रामनिवास ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में पोषण वाटिका की स्थापना का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा उनके परिवारों में फलों और सब्जियों का उत्पादन घर पर ही करने की जागरूकता पैदा करना है। इस हेतु 20 गुणा 20 मीटर आकार के भूखंड में मेड़ बनाकर तथा प्राकृतिक खाद डालकर फलों और सब्जी का परिवार की आवश्यकता अनुरूप उत्पादन किया जा सकता है कक्षाध्यापक शेरसिंह तथा जयचंद लाल के मार्गदर्शन में कक्षा 11 और 9 के विद्यार्थियों ने श्रमदान कर विद्यालय में पोषण वाटिका की स्थापना में सहयोग प्रदान किया। उनके द्वारा मेड़ों पर शकरकंद की बेल, पपीते और नींबू के पौधे , बैंगन, टमाटर, मिर्च की पौध, गेंदें एवं सदाबहार जैसे फूलों के पौधे लगाए । सर्दी और गर्मी से पौधों की रक्षा हेतु बाहरी तरफ नेपियर का रोपण किया गया तथा विद्यालय के वर्मी कंपोस्ट प्लांट में तैयार प्राकृतिक खाद का उपयोग किया गया।

## द बोहराज ग्लोबल स्कूल की बालकाओं ने राज्य स्तरीय कबड्डी क्लस्टर में दिखाया दम

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी /महवा ( अंशु गुप्ता ) ।** द बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे राज्य स्तर पर चल रहे कबड्डी क्लस्टर टूर्नामेंट में बोहराज ग्लोबल स्कूल की 14 वर्ष वर्ग की बालिका टीम ने शानदार प्रदशन करते हुए सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। यह प्रतियोगिता राजस्थान की विभिन्न जिलों से आई टीमों के बीच खेली जा रही है, जिसमें प्रतिभागी छात्राएँ अपने हुनर और खेल भावना का बेहतरीन प्रदशन कर रही हैं। प्रतियोगता का आयोजन खेल को बढ़ावा देने और छात्राओं को राज्य स्तरीय मंच देने के उद्देश्य से किया गया है। बोहराज ग्लोबल स्कूल की टीम ने अपने सधे हुए खेल, मजबूत रणनीत और अनुशासन से वरोधी टीमों को कड़ी टक्कर दी और दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। इस मौके पर स्कूल प्रशासन, कोच और अभिभावकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कया। टीम की कप्तान ने कहा, हमने इस प्रतियोगिता के लए कड़ी मेहनत की है और हमारी टीम एकजुट होकर खेल रही है। हमारा लक्ष्य ना सिर्फ जीतना है बल्कि खेल भावना को बनाए रखना भी है। राज्य भर की टीमों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है की अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेटियां खेल के मैदान में आगे बढ़ रही हैं और राज्य का नाम रोशन कर रही हैं। प्रतियोगता के आगामी मैचों को लेकर उत्साह चरम पर है और सभी की नगाहें अब सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों पर टकी हैं।14 वर्ष वर्ग में पहला मैच माहेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड़ जयपुर और मैट्रिक्स स्कूल सीकर, जिसकी विजेता टीम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड़ जयपुर रही और दूसरा मैच द बोहराज ग्लोबल स्कूल महवा और एलवुड स्कूल जयपुर जिसकी विजेता टीम द बोहराज ग्लोबल स्कूल महवा रही।तीसरा मैच महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल जयपुर व महेश्वरी गिर्ल्स पब्लिक स्कूल विधाध नगर के बीच हुआ जिसमे महेश्वरी गिर्ल्स पब्लिक स्कूल की टीम विजयी रही! 19 वर्ष वर्ग में पहला मैच द बोहराज ग्लोबल स्कूल महवा और वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के बीच जिसकी विजेता टीम वेदांता इंटरनेशनल स्कूल जयपुर रही और दूसरा मैच माहेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड़ जयपुर और महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल जयपुर में हुआ जिसकी विजेता माहेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड़ जयपुर रही।अतिथि राजेंद्र मिश्रा,के एल शर्मा नव ज्योति जयपुर, सेवा निवृत प्रधानाचार्य, श्याम सेवा समिति अध्यक्ष संतोष जी, मनीष सोनी, हरि सिंह, कन्हैया शर्मा, मूलचंद सैनी, जगदीश महावर, आनंद गुप्ता, मोनू सिंह, राजेश शर्मा, गोपाल जी आदि मौजूद रहे।




## सरकारी हॉस्पिटल से 3 दिन का बच्चा चोरी, नर्स की ड्रेस में आई थी महिला, जांच करवाने के बहाने ले गई नवजात

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में सरकारी हॉस्पिटल से तीन दिन का नवजात बच्चा चोरी हो गया। बच्चा चोरी करने वाली महिला नर्स का ओवरकोट पहनकर आई थी। बच्चे की जांच का हवाला देकर वह ले गई।मामला सोमवार का नाथद्वारा के सरकारी अस्पताल (श्री गोवर्धन राजकीय जिला हॉस्पिटल) में दोपहर ढाई बजे का है सीसीटीवी में संदिग्ध महिला नजर आ रही है, जिसके हाथ में बच्चा है।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले। पुलिस ने बताया- नाथद्वारा के सुखाड़िया नगर में रहने वाली बिंदिया पत्नी चेतन मीना की 2 अगस्त को डिलीवरी हुई थी। जहां उसने बेटे को जन्म दिया।वह हॉस्पिटल के जनाना विंग में एडमिट थी। सोमवार दोपहर को एक महिला नर्स के कपड़े पहनकर आई, उसने चेहरे पर मास्क लगा रखा था। नर्स की ड्रेस में आई महिला ने बिंदिया के पास आकर बच्चे को चेक करने के लिए कहा और बोला कि उसे हॉस्पिटल के ऊपर बने बच्चों के वार्ड में ले जाना है।इस पर बिंदिया की ननद चंदा बच्चे को लेकर महिला के साथ जाने लगी। इस बीच महिला ने चंदा से कहा कि आप आधार कार्ड लेकर आ जाओ और बच्चा मुझे दे दो। इस पर चंदा ने बच्चा महिला को दे दिया। रास्ते में चंदा की मां सुगना मिली, जो आधार कार्ड लेकर आ रही थी। दोनों जब ऊपर वार्ड में पहुंची तो कोई नजर नहीं आया।चिल्लाते हुए आए, सीसीटीवी में दिखी महिलाएं जब परिवार को पता चला कि कोई महिला उनके नवजात को लेकर चली गई तो रोने-चीखने लगी। नर्सिंग स्टाफ को इसकी जानकारी मिली तो नाथद्वारा पुलिस मौके पर पहुंची।



इसके बाद जब सीसीटीवी खंगाले तो दो महिलाएं नजर आ रही है। एक महिला जिसने साड़ी पहन रखी है, उसके हाथ में नवजात नजर आ रहा है। वहीं हॉस्पिटल के बाहर जाते हुए नर्स के कपड़े पहनकर आई महिला के हाथ में नवजात नजर आ रहा है।

पुलिस थाना श्रीनाथजी मंदिर के इंचार्ज मोहन सिंह ने बताया- हॉस्पिटल के अंदर और बाहर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस की 5 टीमें बनाई गई हैं। आरोपी महिला की तलाश की जा रही है।

## डीग में लोक गायक कृष्णा गुर्जर का भव्य स्वागत, मंत्री जवाहर सिंह के सामाजिक गीत की शूटिंग



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/करौली ( अंशु गुप्ता )।** राजस्थान के प्रसिद्ध लोक गायक कृष्णा गुर्जर का हाल ही में डीग आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। वे यहां राजस्थान सरकार में लोकप्रिय मंत्री जवाहर सिंह के सामाजिक सरोकारों पर आधारित एक विशेष गीत की वीडियो शूटिंग के लिए पहुंचे थे।डीग पहुंचते ही, भाजपा के राजस्थान कार्य समिति सदस्य लखपत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में खोहवाटी क्षेत्र के 28 गांवों की सम्मानित सरदारी ने राष्ट्रीय लोक गायक कृष्णा गुर्जर का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने मंत्री जवाहर सिंह द्वारा समाज के लिए किए जा रहे कार्यों पर आधारित इस गीत के निर्माण पर अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की।इस महत्वपूर्ण अवसर पर, भाजपा नेता लखपत सिंह गुर्जर, एडवोकेट विमल सिंह, और अठ्ठाईसी के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सभी ने मिलकर कृष्णा गुर्जर का सम्मान किया और इस पहल की सराहना की, जो मंत्री जवाहर सिंह के सामाजिक योगदान को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएगी। यह आयोजन न केवल कला और संस्कृति का संगम रहा, बल्कि इसने सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सौहार्द का भी संदेश दिया।

## एआई व आईसीटी आधारित नवाचारों के लिए रसायन विज्ञान के प्राध्यापक सुरेश चन्द योगी सूरौठ को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025'

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी/सूरौठ (अंशु गुप्ता)। तहसील निवासी रसायन विज्ञान के प्राध्यापक सुरेश चन्द योगी को शिक्षा में एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और आईसीटी(सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) के नवाचारपूर्ण उपयोग हेतु 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ऐतिहासिक राजवाड़ा पैलेस में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें देशभर से चयनित 51 वरिष्ठ शिक्षकों को उनके शिक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आमंत्रित किया गया था,यह आयोजन केवल सम्मान प्रदान करने तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक समग्र प्रशिक्षण कार्यशाला भी थी जिसका उद्देश्य था शिक्षकों को 21वीं सदी की शिक्षा प्रणाली की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करना।




कार्यक्रम में आधुनिक तकनीकी शिक्षण विधियों, डिजिटल उपकरणों, और प्रयोगात्मक शिक्षण पर आधारित सत्रों के माध्यम से प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया,समारोह की गरिमा और महत्ता को बढ़ाने हेतु अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे। राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) अरुण चतुर्वेदी, डॉ. अरविंद जे. गट्टी, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक कर्नाटक, कर्नल करण परमेश रॉयल महर्षि, एसएम फाउंडेशन के निदेशक डॉ. कमल शर्मा, और राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के डीन प्रोफेसर (डॉ.) यदु शर्मा की उपस्थिति ने इस समारोह को राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय बना दिया। इस अवसर पर आयोजित

एआई आधारित कार्यशाला में प्राध्यापक सुरेश चन्द योगी ने तकनीक आधारित शिक्षण पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया।

योगी की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत पहचान को गौरवान्वित करती है, बल्कि राजकीय महात्मा गांधी स्कूल, हिंडौन सिटी, करौली ज़िले और उनके गाँव सूरौठ के लिए भी गर्व का विषय है,यह पुरस्कार शिक्षा जगत में परिवर्तन की उस लहर का प्रतीक है जिसे तकनीकी नवाचार, अध्यापन में संवेदनशीलता और सतत सुधार की भावना ने जन्म दिया है।

## शहर में पहली बार ऐतिहासिक 13 दिवसीय 'णमोत्थुणं जाप साधना' आज से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर में सभी मत पंथ संप्रदायों को मान्य पहली बार ऐतिहासिक 13 दिवसीय 'णमोत्थुणं जाप साधना' 5 अगस्त से आचार्य ज्ञानचंद महाराज के सानिध्य में ऑर्बिट रिसोर्ट के सामनें न्यू भूपालपुरा स्थित अरिहंत भवन में एक अद्भुत ज्ञान साधना, आत्म साधना, आध्यात्मिक साधना का भव्याती भव्य आयोजन प्रारम्भ हो रहा है। इस जाप साध्ना में 'कर्म निर्जरा के साथ सभी रोगों का एक ईलाज, सभी समस्याओं का एक समाधान होगा जिसमें 13 दिन का पाठ करते-करते जापकर्ता को अपने आप अनुभव हो जाएगा। जाप,भक्ति एवं प्रवचन प्रतिदिन प्रात: 8:15 से 9:30 तक चलेंगे।

# आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने हेतु संवेदनशीलता व सक्रियता से कार्य करें : जिला कलक्टर

## जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संपर्क पोर्टल, सड़कों की स्थिति, विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं व बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने सभी बजट घोषणाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल, सीएमओ, जनसुनवाई, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आमजन के लंबित परीवादों की विभागवार समीक्षा करते हुये कहा कि परिवादों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें, एवरेज डिस्पोजल टाईम में कमी लायें। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखे कि समाधान केवल औपचारिक ना हो बल्कि संतुष्टिपूर्ण हो। उन्होंने मानसून के मद्देनजर संबंधित विभाग को बिजली व पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुये अपनी मशीनरी को सक्रिय रखने, जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद को पुख्ता कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने हरियालां राजस्थान की प्रगति पोर्टल पर अपडेट करने सहित सरकार की फ्लैगशिप व अन्य योजनाओं पर विभागवार चर्चा कर योजनाओं का लाभ नियामानुसार प्रत्येक पात्र को दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने गत बैठक में दिये गये निर्देशों कि अनुपालना रिपोर्ट की समीक्षा करते हुये कहा कि संपर्क पोर्टल के परीवादों को प्राथमिकता से लेंवे, तुरंत निपटारा कर परिवादी को राहत पहुंचायें। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर विवाहिता से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** करधनी थाना इलाके में पड़ोसी युवक ने विवाहिता से दुष्कर्म किया और अपने ही दोस्त को मकान के बाहर निगरानी में खड़ा कर दिया। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौच करता हुआ बाहर निकल गया। जिसके बाद निगरानी कर रहे दोस्त ने भी विवाहिता के साथ जोर- जबरदस्ती की। आरोपियों चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़िता थाने पहुंची और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बयानों के आधार पर दोनो बदमाशों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 21 वर्षीय विवाहिता का आरोप है कि पड़ोसी होने के कारण आरोपी से बातचीत होती रहती थी। 31 जुलाई को परिवार के सभी लोग काम पर गए हुए थे। तभी आरोपी उसे अकेला पाकर दोपहर डेढ़ बजे अपने दोस्त के साथ आया और दोस्त को मकान के बाहर निगरानी में खड़ा कर दिया। आरोपी ने घर के अंदर आकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और बाहर चला गया। तभी निगरानी कर रहा दूसरा युवक भी अंदर आया और उसके साथ जबरदस्ती की। पुलिस ने बयानों के आधार पर दोनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

## घरों के अंदर घुसकर ब्रांडेड साइकिल चुराने वाला शातिर साइकिल चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरों के अंदर घुसकर साइकिल चुराने वाले एक शातिर साइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से उनीस ब्रांडेड साइकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि नशे के शौक के लिए साइकिल चोर जयपुर शहर में 50 से अधिक ब्रांडेड साइकिल चोरी कर चुका है। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरों के अंदर घुसकर साइकिल चुराने वाले एक शातिर साइकिल राहुल स्वामी उर्फ कब्बू (19) निवासी पुराना विद्याधर नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से जयपुर शहर से चुराई 19 ब्रांडेड साइकिल बरामद की है। वह घरों के अंदर घुसकर भी साइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पूछताछ में आरोपी ने नशे के शौक के लिए साइकिल चोरी करना स्वीकार किया है। जयपुर शहर में ब्रांडेड साइकिल चोरी की 50 से अधिक वारदात करना बताया है। उसके खिलाफ जयपुर शहर के विभिन्न थानों में 8 प्रकरण दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## मुख्यमंत्री लाडो प्रोत्साहन योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** मुख्यमंत्री लाडो प्रोत्साहन योजना के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महिला अधिकारिता विभाग कोटपूतली ब्लॉक द्वारा सोमवार को कस्बे के डाबला रोड़ स्थित मंगलराम राजकीय विद्यालय में लाडो प्रोत्साहन योजना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर 01 अगस्त 2024 के बाद जन्म लेने वाली बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाली गई एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के विषय में विशेष जागरण बैठक आयोजित की गई।



ब्लॉक सुपरवाईजर किरण धूवा ने बताया कि 01 अगस्त 2024 को लाडो प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गई थी। जिसके अंतर्गत राज्य में जन्म लेने वाली प्रत्येक बालिकाओं को विभिन्न चरणों में 01 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं। इस दौरान बालिका के पालन पोषण, शिक्षण व स्वास्थ के मामले में होने वाले लिंग भेदभाव को रोकने पर जोर दिया गया। इस मौके पर अध्यापिका सोनू, विनम्रता, सुनीता, ग्राम साथीन सुमन, मधुबाला, रचना, मनीषा, कार्यकर्ता ममता देवी, सहायिका पूनम सैनी समेत बालिकायें व महिलायें मौजूद रही।

# प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की सुविधा प्रारंभ करने के होंगे प्रयास - चिकित्सा शिक्षा सचिव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने कहा कि राजस्थान अंगदान एवं प्रत्यारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू हो, ताकि इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों का जीवन बचाया जा सके। उन्होंने सभी मेडिकल कॉलेजों से आह्वान किया कि वे इस दिशा में सक्रियता से कार्य करें। राज्य सरकार उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

चिकित्सा शिक्षा सचिव सोमवार को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज संभागार में अंगदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंगदान जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर वर्ष करीब 10 हजार मौतें सड़क दुर्घटनाओं में होती हैं। इनमें से 10 प्रतिशत ब्रेन डेड व्यक्तियों का अंगदान भी संभव हो सके तो अंगों की प्रतीक्षा कर रहे अनेक रोगियों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि अंगदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद भी जीवित रहता है और यह पुण्यकर्म उसे पूरी सृष्टि से जोड़ देता है।




### स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं ताकि कम से कम हो ट्रांसप्लांट की आवश्यकता

अम्बरीष कुमार ने कहा कि दुर्घटना, असंतुलित जीवन शैली और जेनेटिक कारणों से अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता बढ़ रही है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। हमारा खान—पान संतुलित हो और योग आदि से अपने शरीर को स्वस्थ रखें। इससे हम न केवल निरोग रहेंगे, बल्कि अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता भी कम से कम होगी। उन्होंने सभी मेडिकल कॉलेजों में योग क्लासेज प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। श्री अम्बरीष कुमार ने कहा कि अंगदान एवं प्रत्यारोपण आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की पराकाष्ठा है, जिसने मौत से संघर्ष कर रहे व्यक्तियों के जीवन में रोशनी पैदा की है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की बदौलत हमारी औसत आयु बढ़कर 75 वर्ष तक पहुंच गई है, जो आजादी के समय 26 से 30 वर्ष हुआ करती थी।

### मा योजना में हो रहा निश्शुल्क प्रत्यारोपण—

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि राज्य सरकार अंगदान एवं प्रत्यारोपण की सुविधाओं में निरंतर विस्तार कर रही है।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में अंग प्रत्यारोपण की सुविधा निश्शुल्क उपलब्ध है। साथ ही, अंगदान को बढ़ावा देने के लिए एक पारदर्शी एवं सुगम प्रक्रिया विकसित की गई है। इसी का परिणाम है कि विगत कुछ समय में प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। आने वाले समय में राजस्थान इस क्षेत्र में अव्वल राज्य बनकर उभरेगा।

### विगत 6 माह में ही एसएमएस में 19 कैडेवर ट्रांसप्लांट

सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने कहा कि वर्ष 2018 में सोटो की स्थापना के बाद से प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के क्षेत्र में सतत प्रगति हो रही है। विगत 6 माह में ही सवाई मानसिंह अस्पताल में 19 कैडेवर ट्रांसप्लांट किए गए हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि कॉर्निया ट्रांसप्लांट के मामले में यहां जीरो पेंडेंसी है। इसी प्रकार सवाई मानसिंह अस्पताल का स्किन बैंक नॉर्थ इंडिया का सबसे बड़ा स्किन बैंक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को मेडिकल हब बनाने के लिए अंगदान एवं प्रत्यारोपण की सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

## सालासर में भामाशाह की उदारता, स्कूल को भोजन पात्र और गणवेश का उपहार



बढ़ता राजस्थान

**सालासर( पप्पू लाल शर्मा )।** सालासर के राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में भामाशाह मीठालाल पुजारी, मनोज पुजारी, नवीन पुजारी की प्रेरणा से पुष्पेंद्र (लिबर्टी हाउस) और संजीव सेवा ट्रस्ट, करनाल, हरियाणा द्वारा मध्याह्न भोजन के लिए 100 गिलास और 100 थालियाँ भेंट की गईं। इसके साथ ही, सभी बच्चों के लिए गणवेश बनवाने और भविष्य में विद्यालय की भौतिक सुविधाओं में योगदान देने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सीताराम कुलदीप ने की, जिन्होंने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण और प्रशस्ति पत्र देकर आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता प्राध्यापक पूनम सारस्वत ने भारत की दान परंपरा और पात्र दान की महिमा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के बजरंग जी, बद्री सिंह, संपत जी, प्रियंका वर्मा, विजयपाल सिंह, विनोद स्वामी, कौशल्या जी, और सुनील जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मधुसूदन पांडेय ने किया।

## चार महीने का मानव भ्रूण मिला

**जयपुर ( का.स. )।** चाकसू थाना इलाके में सोमवार को चार महीने का मानव भ्रूण मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मानव भ्रूण को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने इस्तेगास के आधार पर अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। हेड कांस्टेबल जयसिंह ने बताया कि नगर निगम कार्यालय मानव भ्रूण पड़ा होने की सूचना मिली।

### सावन उत्सवःलहरिया थीम में रंगेगा राजस्थान का रंग

# रंग-बिरंगे लहरिये, पारंपरिक पोशाकें, लोक-संगीत और लोक नृत्य से सजेगा उत्सव

## छह अगस्त को हीरा वैली रिसोर्ट स्वेज फार्म सोडाला पर होगा यह आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपरा को समर्पित सावन उत्सव का आयोजन छह अगस्त (बुधवार )को हीरा वैली रिसोर्ट स्वेज फार्म सोडाला में किया जाएगा। इस विशेष आयोजन की थीम राजस्थान का पारंपरिक लहरिया होगी, जो सावन के मौसम में खास महत्व रखता है।

नृत्यम फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाज सेविका और कार्यक्रम आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में रंग-बिरंगे लहरिये, पारंपरिक परिधानों, लोक-संगीत और लोकनृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सावन के मौसम और राजस्थान की लोक संस्कृति की झलक पेश की जाएगी। सावन के गीतों और नृत्य के साथ यह उत्सव माहौल को पूरी तरह पारंपरिक रंग में रंग देगा। यह उत्सव न केवल मनोरंजन का माध्यम होगा बल्कि पारंपरिक कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास भी करेगा।

### उद्देश्य - संस्कृति का संरक्षण

काजल सैनी ने बताया कि सावन उत्सव सिर्फ एक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं, बल्कि राजस्थान की पारंपरिक कला और संस्कृति को संरक्षित एवं बढ़ावा देने का एक प्रयास है। इसमें स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों को मंच देने के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का उद्देश्य भी निहित है।



### उत्सव का महत्व

सावन का महीना राजस्थान में उमंग और मेल-मिलाप का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन न केवल सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाते हैं बल्कि लोककला, पारंपरिक परिधान और संगीत के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

### सावन उत्सव का पोस्टर विमोचन,जानी-मानी हस्तियां रहीं मौजूद

प्रवासी संघ राजस्थान प्रदेश संयोजक और कार्यक्रम संयोजक भीम सिंह कासनिया छह अगस्त (बुधवार) आयोजित होने वाले राजस्थान की पारंपरिक लहरिया थीम आधारित सावन उत्सव की तैयारियों के तहत पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश और शहर की कई जानी-मानी हस्तियां एवं कई जनप्रतिनिधि सहित डॉ. अर्चना भार्गव,सत्यनारायण सैनी,संजय कुमार योगी,मधुर सैनी,डॉ.मनीषा सोलंकी,मनोज कुमार योगी,जेपी चौधरी,शुभम शर्मा,सुमित कुमार टांक,नवीता महरवाल और मालाबार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

उनकी उपस्थिति से पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ गया तथा यह आयोजन एक यादगार सांस्कृतिक संध्या के रूप में दर्ज होगा।

# मक्का से उमरा कर लौटे जायरीन का एयरपोर्ट पर इस्तकबाल, रूहानी माहौल में हुआ स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/कोटा ( का.स. )।** मक्का शरीफ से उमरा अदा करके लौटे जायरीन में जफ़र मोहम्मद पठान, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद सिराज, रुबीना बानो, मुमताज़ बेगम और सलमा बेगम निवासी अनन्तपुरा,कोटा (राज.) का सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल किया गया। जैसे ही जायरीन की फ्लाइट एयरपोर्ट पर उतरी, उनके परिजन और समाज के लोग फूलों के गुलदस्ते, इतर और मिठाइयों के साथ उनका इंतजार करते नजर आए। जायरीन का फिरोज़ खान, निशाद खान, अजरा बानो, फ़हीम खान और निशा बानो,आवीजा पठान,आयशा खान ने उन्हें गुलदस्ते, इतर और मिठाइयों से इस्तकबाल किया। जायरीन के बाहर निकलते ही 'अल्हम्दुलिल्लाह' और 'लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक' की सदाओं से माहौल रूहानी हो उठा। लोगों ने जायरीन को गले लगाया, मुबारकबाद दी और उनके माथे को चूमा। कुछ परिजन तो खुशी के आंसू भी रोक नहीं सके।

जायरीन ने एयरपोर्ट पर ही बताया कि उमरा का सफर बेहद सुकून देने वाला रहा और उन्होंने मक्का-मदीना की सरज़मीं पर पूरे देश, शहर और अपने समाज की सलामती, अमन और बरकत के लिए दुआ मांगी। एयरपोर्ट पर मौजूद परिजन और समाज के लोगों ने जायरीन को मुबारकबाद दी और गले लगाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर परिजनो की आंखों में खुशी के आंसू थे।

## एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के गाँव चतुर्भुज की ध्यानजी गौशाला में माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति, पावटा, द्वारा एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष, दिनेश मित्तल, एडवोकेट जेपी कोटिया, और पत्रकार बिल्लूराम सैनी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक और सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि यह पौधारोपण अभियान 1 जुलाई को शुरू हुआ था और अभी तक इसके तहत 361 पौधे लगाए जा चुके हैं।इस अवसर पर सुभाष जमालपुरिया, सुगन चंद सैनी, कमल शर्मा, अमित सैनी, और अतुल गर्ग भी मौजूद थे।यह अभियान पर्यावरण को हरा भरा रखने के साथ-साथ समाज मे जागरण कुत्ता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## श्री राम कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के सोनी मार्केट स्थित बिहारी मंदिर में चल रही नो दिवसीय श्री राम कथा का सोमवार को भव्य समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कथावाचक आचार्य संजू दीदी ने अपनी मधुर वाणी से श्री राम लीलाओं का वर्णन किया, जिसे सुनकर सभी भक्त भाव-विभोर हो गए। उन्होंने भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े प्रसंगों को विस्तार से बताया और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। पंडित प्रियांशु शर्मा और विशाल शर्मा ने भी कथा के दौरान धार्मिक भजनों और संगीतमय प्रस्तुतियों से माहौल कोभक्तिमय बनाए रखा।कथा के समापन के बाद आयोजित हुए विशाल भंडारे में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों और आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।भंडारे की व्यवस्था में श्यामलाल सोनी सुभाष सोनी रघुवीर सैनी रामू सोनी,अमित बिदानी पकज,अखिल सहित कई अन्य लोगों ने अपना सहयोग दिया।इस अवसर पर मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई थी।

## एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई का स्वागत अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को नवपदस्थापित एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई से मिलकर उनका स्वागत किया। उन्होंने एसपी बिश्नोई को माला पहनाई और गुलदस्ता भेंट किया।इस दौरान, पदाधिकारियों ने फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी दी और बताया कि पुलिस और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउंडेशन का उद्देश्य मानव सेवा और पीड़ितों को न्याय दिलाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों संस्थाओं के बीच सहयोग और समन्वय बहुत ज़रूरी है।इस मौके पर, संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनमें प्रदेशाध्यक्ष संतोष सैनी, जिलाकार्यकारी अध्यक्ष अमरसिंह कसाना, जिलाध्यक्ष देवीसहाय सैनी,तहसील अध्यक्ष रामसिंह सैनी, कोषाध्यक्ष श्योपाल गुर्जर, उपाध्यक्ष बाबूलाल सैनी, संभाग अध्यक्ष कमलेश, जिला कार्यकारिणी सदस्य नारायणलाल सैनी, दिलीप सोनी, विक्रम यादव व कोटपूतली तहसील अध्यक्ष एड. रमेश गुर्जर,तहसील महामंत्री एड. डिप्टी चौधरी अन्य सदस्य शामिल थे।



## सम्पादकीय

# वैज्ञानिक ढंग से हो श्रद्धालुओं की भीड़ का प्रबंधन

अपर्यटन क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्रोत और रोजगारपरक क्षेत्र है। देश को तीन प्रकार के पर्यटन से आय प्राप्त होती है। विदेशी पर्यटकों के आगमन से देश को विदेशी मुद्रा मिलती है और अनेक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होते हैं। इस प्रायद्वीपीय और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर देश में तीन प्रमुख प्रकार के पर्यटन प्रचलित हैं। पहला, रमणीय पर्यटन, जिसमें पर्यटक दर्शनीय स्थलों का आनंद लेने आते हैं। दूसरा, चिकित्सीय (मेडिकल) पर्यटन, जिसमें विदेशी रोगी भारत में बेहतर और सस्ती चिकित्सा सुविधाओं के कारण आते हैं। तीसरा, धार्मिक पर्यटन है। धार्मिक आस्था से ओतप्रोत इस देश में श्रद्धालुओं की धर्मस्थानों पर निरंतर भीड़ रहती है। विशेषकर सावन जैसे पवित्र महीनों में धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे यह पर्यटन और भी सक्रिय हो जाता है। धार्मिक श्रद्धालुओं का जमावड़ा कभी कम नहीं होता। कई बार भगदड़ जैसी घटनाओं में हृदयविदारक समाचार मिलते हैं, फिर भी पहले से भी अधिक भीड़ जुट जाती है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर पाती। लोग आस्था के समर्पण में इतने लीन रहते हैं कि यह देख कर आश्चर्य होता है कि देश धर्मस्थलों के प्रति कितना समर्पित है। सनातन धर्म में यह विश्वास है कि मंदिरों में साक्षात परमात्मा साकार रूप में विराजमान होते हैं। यही विश्वास करोड़ों श्रद्धालुओं को धर्मस्थलों की ओर आकर्षित करता है।

लेकिन आस्था को समर्पित इस देश में, विशेषकर सावन के पावन महीने में, हाल ही में लगातार जो दुर्घटनाएं हुईं, उनमें कई लोगों ने अपनी जान गंवाई और अनेक गंभीर रूप से घायल हुए। जब इन घटनाओं के कारणों की पड़ताल की जाती है, तो या तो बेबुनियाद अफवाहें सामने आती हैं, या फिर प्रशासनिक लापरवाही उजागर होती है। कभी-कभी श्रद्धालुओं की जल्दबाज़ी और पहले दर्शन की होड़ में की गई धक्का-मुक्की भी भगदड़ का कारण बन जाती है। ऐसी भगदड़ों में लोगों के कष्टों का कोई अंत नहीं होता — जानें जाती हैं, लोग घायल होते हैं, परिवार उजड़ते हैं।

बीते 27 जुलाई को उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ में कुछ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 36 श्रद्धालु घायल हो गए। बताया गया कि सीढ़ियां चढ़ते समय एक खंभे से जुड़े शॉर्ट सर्किट की अफवाह फैली, जिससे लोग घबरा गए और हड़बड़ी में पीछे हटने लगे। ये घटनाएं यहीं खत्म नहीं होतीं। गत 28 जुलाई को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी स्थित अवसानेश्वर मंदिर में भी भगदड़ की एक और दुखद घटना घटी। जलाभिषेक के दौरान करंट फैलने से दो लोगों की मौत हो गई और 29 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद मंदिर की बिजली काटनी पड़ी, जिससे गर्भगृह में अंधेरा छा गया। इसके बावजूद श्रद्धालु अंधेरे में ही दर्शन और जलाभिषेक करते रहे। इसी दौरान, एक मंत्री के मंदिर में पुष्पवर्षा करने की खबर फैल गई, और देखते ही देखते वहां तीन लाख से अधिक लोग जुट गए। अत्यधिक भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, और एक बार फिर हादसा सामने आया। इस तरह की घटनाओं का एक सिलसिला बनता जा रहा है। भारी भीड़ में आगे बढ़ने की होड़ के बीच जब कोई अफवाह फैला दी जाती है तो लोग घबरा जाते हैं और इधर-उधर भागने लगते हैं। यह कहना भी गलत होगा कि भगदड़ केवल अफवाहों के कारण होती है। प्रशासन की लापरवाही भी इन घटनाओं का एक प्रमुख कारण है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 5 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांसीसी और तुर्की की सेना ने 1543 में नाइस पर कब्जा जमाया।
- फ्रांसीसी सेना ने 1654 को स्टेन पर कब्जा किया।
- पहला स्पेनिश जहाज सेन कार्लोस ने 1775 में सेन फ्रेंसिस्को खाड़ी में प्रवेश कियाा।
- पश्चिम बंगाल के राजा महाराजा नंदकुमार को 1775 में कलकत्ता अब कोलकाता में फांसी दी गई ब्रिटिश शासन के द्वारा भारत में धोखधड़ी के लिए दी गई यह अंतिम फांसी थी।
- डच और अंग्रेज सेनाओं के बीच डोगर बैंक में 1781 को युद्ध हुआ।
- जापान ने 1874 में इंग्लैंड की तर्ज पर डाक बचत प्रणाली शुरू की।
- जापान में 1882 को मार्शल ला लगाया गया।
- कार का अविष्कार करने वाले कार्ल बेंज ने 1888 में अपनी पहली कार का पेटेंट 1886 में करवाया था।
- रूस और जापान के शांति वार्ताकारों के बीच 1905 को पहली बैठक अमेरिका के राष्ट्रपति रुजवेल्ट के न्यूयॉर्क स्थित घर पर हुई।
- जापान में टोक्यो के गिंजा में 1912 को पहली टैक्सी सेवा शुरू हुई।
- अमेरिका में पहली ट्रैफिक लाइट 1914 में लगाई गई।
- क्यूबा, उरुग्वे, मैक्सिको और अर्जेंटीना ने 1914 में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान तटस्थ रहने की घोषणा की।
- मांटेनेग्रो ने 1914 में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ऑस्ट्रिया हंगरी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- जर्मनी की सेना 1915 में पॉलेंड की राजधानी वारसा में घुसी।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वार्सा पर 1915 में जर्मनी का अधिकार हो गया इससे पहले यह क्षेत्र रुस के अधिकार में था।
- अमेरिका और जर्मनी ने 1921 में बर्लिन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- हेनरी सुलिवान 1923 में इंग्लिश चैनल को पार करने वाले पहले अमेरिकी बने।
- फ्रांस और जर्मनी के बीच व्यापार समझौते पर 1926 को हस्ताक्षर किए गए।
- अमरीकी हवाई जहाज ने 1945 में जापान के हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था।
- इक्काडोर की राजधानी क्विटो में 1949 को आये 6.7 की तीव्रता वाले भूकंप से छह हजार लोगों की मौत।
- अफ्रीक़ी देश बोरकिनाफ़ासो ने 1960 में अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- यूरी गैगेरीन के ऐतिहासिक उपक्रम के चार महीने के बाद सोवियत संघ ने 1961 में अपने दूसरे अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में उतारा था।
- न्यायमूर्ति लीला सेठ 1991 में दिल?ली हाईकोट में जज बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
- अटलांटा शताब्दी ओलम्पिक का सिडनी में 1996 को मिलने का वादा के साथ सम्पन्न।
- चीन और ताइवान के बीच 1999 में तनाव चरम पर।
- गोंजालो लोजाडा 2002 में बालोविया के नये राष्ट्रपति चुने गये।
- भारत के अंडमान निकोबार द्वीप से 2008 को 176 मील उत्तर-पूर्व में हिंद महासागर में 5.5 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया।
- केन्या के 70% नागरिकों ने 2010 को जनमत संग्रह में लोकतांत्रिक सुधारों के अंतर्गत नया संविधान बनाने का समर्थन किया।

## विशेष आलेख

# शहरीकरण और संस्कृति के बदलते दौर में खोता रिश्तों का असली मर्म



डॉ नयन प्रकाश गांधी

**एक समय था जब रिश्ते, विशेषकर विवाह, पवित्रता, प्रेम और आपसी समर्पण की नींव पर टिके होते थे। लेकिन आज की तथाकथित %मॉडर्न% सोच ने इस पवित्र बंधन की परिभाषा ही बदल दी है। आज परिवार और समाज में %अपनेपन% की भावना खत्म हो रही है और उसकी जगह एक-दूसरे से हटकर दिखने की होड़ ने ले ली है। द्वेषपूर्ण नकल कर एक-दूसरे को नीचा दिखाना आम बात हो गई है।**

हाल ही में संसद में प्रस्तुत किए गए सरकारी आंकड़े एक भयावह तस्वीर पेश करते हैं-;देश भर की पारिवारिक अदालतों में तलाक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और लाखों केस लंबित हैं। अंतराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई विश्विद्यालय के एलुमनाई शहरी प्लानिंग रिसर्चर एवं लाइफ कोच डॉ नयन प्रकाश गांधी बताते है कि यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हमारे समाज के दरकते ताने-बाने का प्रमाण है। वर्तमान समय में प्रत्येक पारिवारिक समाज में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहे हैं। जाति ,गौत्र से दूर आज की जनरेशन उच्च शिक्षा के समय ही मित्रता में फसते जा रहे है ।अधिकतर समाजों में अब रिश्ते पैकेज के आधार पर हो रहे है ,न कि नैतिक गुणों ,पारिवारिक मूल्यों के आधार पर ,पुरुष की तुलना में अब महिलाएं अपने जीवन में भौतिक सुख सुविधाओं से लैस होती जा रही है ,जो कि दिखावे परस्त जीवन ,सोशल मीडिया से एक दूसरे के जीवन तौर तरीकों ,ट्रेंड को फॉलो करने का नतीजा है ।

यह जलन अब घर की दहलीज़ भी लांघ चुकी है, जहाँ अक्सर ननदें अपनी भाभी की तरक्की या जीवनशैली से जलने लगी हैं। समाज में आज शादी-समारोहों में पारंपरिक रस्मों की जगह दिखावटी फूहड़ता ने ले ली है और रिश्तों के लेन-देन में भी अब प्यार नहीं, बल्कि व्यक्ति का %लेवल% और %स्टेटस% देखा जाने लगा है।इस समस्या की एक बड़ी जड़ माता पिता की दोहरी मानसिकता में है जिसे आज के आधुनिक दिखावटी युग ने बदलकर रख दिया है ,एक माता पिता ,ननदें अपनी बहुओं ,भाभी को तो अदब में ,कंट्रोल में रखना पसंद करते है और जब उनकी बेटी की बात आती है तो इसके उलट जीवन शैली की मानसिकता समाज में परोसी जाती है ,अब बताए समस्या दोहरी मानसिकता में है न कि आज के वातावरण , शिक्षा और पारिवारिक परवरिश में । हम अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के लिए लड़ने की शिक्षा तो देते हैं, जो कि बहुत ज़रूरी है, लेकिन शायद हम उन्हें ज़िम्मेदारियों और समर्पण का पाठ पढ़ाना भूल जाते हैं। नतीजा यह होता है कि जब किसी रिश्ते में अपेक्षाएँ पूरी नहीं होतीं, तो उसे तोड़ने में एक पल भी नहीं लगता। यह केवल एक रिश्ते का अंत नहीं, बल्कि भरोसे और त्याग का अपमान है।क्या आत्मनिर्भरता का मतलब अहंकार या स्वार्थ है? जब कोई रिश्ता सिर्फ इसलिए टूट जाता है क्योंकि एक साथी अब %इंडिपेंडेंट% हो गया है, तो यह आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि नार्सिसिज्म (आत्ममुग्धता) है।समाज को यह समझना होगा कि रिश्ते कोई प्रतियोगिता नहीं हैं, जहाँ किसी एक को जीतना और दूसरे को हारना है। हमें अपनी युवा पीढ़ी को किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्य और ज़िम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाना होगा। गांधी ने बताया पूरे देश भर के आंकड़ों पर गौर करते हुए बताया कि न्याय विभाग, भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश भर में पारिवारिक अदालतों में 11 लाख से भी ज़्यादा वैवाहिक मामले लंबित हैं, जिनमें तलाक, गुजारा भत्ता आदि शामिल हैं।

राजस्थान में भी 52,341 से अधिक वैवाहिक मामले लंबित हैं, जो राज्य को देश के उन शीर्ष राज्यों में शामिल करता है जहाँ बड़ी संख्या में पारिवारिक विवाद अदालतों में चल रहे हैं। शहरीकरण, वैश्वीकरण और तकनीकी प्रगति ने पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों और रिश्तों को प्रभावित किया है।आज के युवा पीढ़ी में व्यक्तिगत स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत विकास पर अधिक जोर दिया जा रहा है, जो कभी-कभी पारिवारिक बंधनों और रिश्तों की कीमत पर आता है। शहरीकरण ने शहरों में रहने वाले लोगों के पास अधिक अवसर और चुनौतियाँ पैदा की हैं, जो पारिवारिक रिश्तों को प्रभावित कर सकती हैं। वैश्वीकरण ने पारंपरिक मूल्यों और रिश्तों को बदल दिया है, और नए विचारों और मूल्यों को पेश किया है। तकनीकी प्रगति ने लोगों के संवाद और रिश्तों को बदल दिया है, जिससे रिश्तों में परिवर्तन आया है।

व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता पर अधिक जोर दिया जा रहा है, जो कभी-कभी पारिवारिक बंधनों और रिश्तों की कीमत पर आता है। अपेक्षाओं में वृद्धि और संवाद की कमी भी रिश्तों में समस्याएँ पैदा कर सकती है। आज माता-पिता को समझना होगा कि पहले वाले दौर से निकलकर सोच बदलनी होगी। ननद को भी नैतिकता से समझना होगा कि आज जो द्वेषता पूर्ण भाभी को नीचा दिखा रही है परिवारों में लड़ाई करवा रही है कल से उसकी बेटी के साथ भी वह होकर रहेगा । आज बहुओं को समझना होगा कि अगर वह अपने सास ससुर को बोझ समझती है तो स्वाभाविक है उनके माता पिता को भी उनकी भाभी बोझ रूपी सास ससुर मानेगी ।आज समय है परिवार के हर सदस्य मामा मामी ,चाचा चाची, भाई बहन, भाभी ,दादा दादी आज जो आप व्यवहार करोगे उसका परिणाम कर्म लौटकर जरूर आएगा । आज सालों साल से लाखों रिश्ते कोर्ट कचहरी में पड़े है ,अंत में रिश्ते को बनाना ही समाधान है ।जिसने रिश्ता तुड़वाया है न तो एक खुश है और जिसने रिश्ता तोड़ा न वो खुश है ,बाद में तनाव में रहकर जीवन लीला समाप्त ही उस रिश्ते की अंतिम गति होती है। हा आज के शिक्षित आधुनिक युग में पति को पत्नी का और पत्नी को पति का सम्मान करना ही होगा।

# निष्पक्षता की आड़ में हार की बौखलाहट? पीसीबी का विरोध कितना जायज़



प्रो. आरके जैन

**क्रिकेट, जो जुनून और भावनाओं का दूसरा नाम है, अक्सर अपने शानदार शॉट्स और रिकॉर्ड्स से ज्यादा विवादों के लिए चर्चा में रहता है। वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) 2025 का फाइनल इसका ताजा उदाहरण है। 2 अगस्त को बर्मिंघम में खेले गए इस रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से बुरी तरह रौंद दिया। इस करारी हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक ऐसा फैसला लिया, जिसने क्रिकेट जगत में तूफान खड़ा कर दिया।**

पीसीबी ने ऐलान किया कि वह भविष्य में डब्ल्यूसीएल में हिस्सा नहीं लेगा, यह दावा करते हुए कि आयोजकों ने पक्षपात और दोहरे मापदंड अपनाए। लेकिन यह फैसला कई सवालों को जन्म देता है—क्या यह कदम निष्पक्षता की सच्ची लड़ाई है, या हार की खीझ और प्रशंसकों को शांत करने की चाल? क्या टूर्नामेंट के दौरान पीसीबी की चुप्पी और जोरदार विरोध का अभाव उनकी मंशा पर सवाल नहीं उठाता?

डब्ल्यूसीएल एक अनूठी निजी टी-20 लीग है, जहां विश्व के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर अपनी प्रतिभा का जादू बिखेरते हैं। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की छह टीमें इस मंच पर अपनी चमक दिखाती हैं। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका का शानदार प्रदर्शन सराहनीय रहा, लेकिन टूर्नामेंट तब विवादों में घिर गया, जब पीसीबी ने लाहौर में रविवार को हुई बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक के बाद डब्ल्यूसीएल से अलग होने का फैसला किया। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी की अगुवाई में हुई इस बैठक में आयोजकों पर दोहरे मापदंड और पक्षपात का गंभीर आरोप लगाया गया। पीसीबी ने दावा किया कि भारत-पाकिस्तान के बीच दो अहम मुकाबले (20 जुलाई का ग्रुप स्टेज मैच और 31 जुलाई का सेमीफाइनल) रद्द कर दिए गए। ग्रुप स्टेज में भारत ने खेलने से मना कर दिया, जबकि सेमीफाइनल में भारत को बिना गेंद फेंके वॉकओवर दे दिया गया। हैरानी की बात यह रही कि रद्द हुए इन मैचों के लिए भारत को अंक दिए गए, जिसे पीसीबी ने खेल भावना के विरुद्ध बताया।

पीसीबी ने अपने बयान में दावा किया, डब्ल्यूसीएल ने जानबूझकर एकतरफा फैसले लिए और न खेलने वाली टीम को अंक दिए, जो खेल की निष्पक्षता के पवित्र सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है।

बोर्ड ने आगे कहा कि वह ऐसी प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं बन सकता, जो संकीर्ण राजनीतिक मानसिकता से ग्रस्त हो। यह बयान साहसिक लगता, अगर यह हार की कड़वाहट में न डूबा होता। जब अन्याय इतना साफ था, तो पीसीबी ने टूर्नामेंट के दौरान चुप्पी क्यों साधे रखी? जब भारत को ग्रुप स्टेज के रद्द मैच में दो अंक दिए गए, तब उनकी खामोशी क्या कोई सोची-समझी चाल थी? अगर आयोजकों का रवैया इतना पक्षपातपूर्ण था, तो पीसीबी ने टूर्नामेंट के बीच में ही बगावत का बिगुल क्यों नहीं फूंका? क्या फाइनल तक इंतजार इसलिए किया गया, क्योंकि उन्हें खिताब जीतने का भरोसा था? या फिर हार के बाद यह बयान सिर्फ प्रशंसकों के गुस्से को शांत करने और अपनी नाकामी पर पर्दा डालने का एक हथकंडा है? भारत-पाकिस्तान क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है, जहां जुनून, भावनाएं और कभी-कभी राजनीति का रंग भी गहरा हो जाता है। डब्ल्यूसीएल जैसे टूर्नामेंट, जो पूर्व क्रिकेटरों को एकजुट करने का दम भरते हैं, को इन जटिलताओं से परे रहना चाहिए था। लेकिन रद्द हुए भारत-पाकिस्तान मैचों और भारत को दिए गए अंकों ने इस टूर्नामेंट को विवादों की भेंट चढ़ा दिया।

## शख़्सियत | बढ़ता राजस्थान



डॉ.संजय बडगूजर (होम्योपैथी फिजिशियन)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख़्सियत कॉलम के स्टार हैं, जाने माने होम्योपैथी चिकित्सक डॉ.संजय बडगूजर। दोस्तों चिकित्सा एक सेवा है, और जब यह सेवा समर्पण व निरंतर प्रयासों से जुड़ जाए, तो वह एक प्रेरणादायक यात्रा बन जाती है। मधुर मुस्कान के धनी डॉ. संजय बडगूजर की जीवनयात्रा इसी भावना का जीता जागता उदाहरण है, जिन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है।डॉ. संजय का जन्म 23 जुलाई 1977 को श्री हजारीलाल ( सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त)और माता श्रीमती शांति देवी के घर बिगोता गांव, तहसील राजगढ़ जिला अलवर में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, मोती डूंगरी अलवर से कक्षा दसवीं सन 1992 और फिर राजकीय नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलवर से कक्षा बारहवीं 1994 पूरी की। चिकित्सा के प्रति उनका झुकाव उन्हें युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अलवर तक ले आया, जहाँ से उन्होंने बीएचएमएस की डिग्री 2002 में प्राप्त की। डिग्री के बाद उन्होंने स्वास्तिक होम्यो क्लीनिक लव कुश मैरिज गार्डन के पास, अलवर की स्थापना की, जहाँ उन्होंने 2007 तक मरीजों की निस्वार्थ सेवा की। जनवरी 2008 से उन्होंने एनआरएचएम के तहत पीएचसी, बहादुरपुर में अपनी सेवाएं दीं। मार्च 2009 में आरपीएससी के माध्यम से उनका चयन राजकीय सेवा में हुआ, जिसके बाद उन्होंने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, रसनाली,बानसूर में पदभार संभाला।

समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों के कारण उन्हें अक्टूबर 2014 में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, गायत्री मंदिर, अलवर में स्थानांतरित किया गया। यहीं 2018 में उन्हें एसएमओ और 2021 में एसएमओ( उप निदेशक) के पद पर पदोन्नत किया गया। जुलाई 2022 से वे राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालयए अलवर में सेवाएं दे रहे हैं साथ ही नोडल ऑफिसर के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियाँ निभा रहे हैं। संभाग स्तरीय आरोग्य मेलों में उनकी सक्रिय भागीदारी उन्हें विशेष बनाती है। कोरोना के कठिन समय में उन्होंने इम्यूनिटी बूस्टर दवाओं की सप्लाई,जनजागरूकता अभियान और मरीजों में हिम्मत एवं आशा का संचार कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार किया। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 10 अप्रैल 2011 एवं 2023 को होम्योपैथी के जनक हैनिमैन के जन्मदिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से चिकित्सा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

## Today | बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 1 | | | | 2 | |
| 4 | | | | 9 | | | | |
| | 9 | 2 | 6 | | | 8 | | |
| 9 | | | | | | | | |
| | 5 | 1 | | 6 | | | 4 | |
| | | | 8 | | | | | 7 |
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | 3 | | | | | | |
| | 2 | 6 | | 5 | | | 1 | |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आपकी कोई चिंता दूर हो सकती है। स्नेहीजन और मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। हालांकि आप वाणी पर संयम रखें। शाम में किसी तरह के नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। गुस्से पर

**वृष**

आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने होने की संभावना है। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। क्रोध में किसी के साथ विवाद की आशंका बनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा।

**मिथुन**

सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा। संतान के पीछे पैसे खर्च होंगे। कलाकारों एवं खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिक्षा दर्शाने के लिए उत्तम समय है। दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

**कर्क**

प्रिय पात्र और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। पर्यटन का आयोजन हो सकता है। शादी योग्य युवक-युवतियों का रिश्ता पक्का हो सकता है। आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों का टारगेट पूरा हो सकेगा। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में गुजरने वाला है।

**सिंह**

आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। दोपहर के बाद किसी प्रिय मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या**

पारिवारिक कठिनाइयां भी कम होंगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा हो सकती है। ईश्वर का नाम स्मरण और आध्यात्मिकता आपके मन को शांति प्रदान करेंगे। मनोरंजक एक्टिविटी में आपका मन लगेगा। सुखद यात्रा का संयोग बनेगा।

**तुला**

परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। किसी तरह की यात्रा का कार्यक्रम हो, तो आज टालना उचित रहेगा।

**वृश्चिक**

आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। आपकी एनर्जी कम हो जाएगी। आलस्य का वातावरण छाया रहेगा। विवाद में मानहानि हो सकती है।

**धनु**

आर्थिक लाभ भी होगा। भाई-बंधुओं के साथ प्रेम बढ़ेगा। भाग्यवृद्धि के अवसर मिलेंगे। काम की सफलता से आपका उत्साह बढ़ेगा। आज का आपका दिन खुशी और आनंद के साथ गुजरेगा। आप कुछ अधिक ही संवेदनशील रहेंगे।

**मकर**

किसी भी नए काम की शुरुआत आज न करें। किसी बात को लेकर मन में ग्लानि का भाव रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद न करें। दोपहर के बाद आपकी शारीरिक और मानसिक स्थिति में सुधार की संभावना है।

**कुंभ**

आज वाणी में संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी कन्फ्यूजन में दिन गुजरेगा। आप नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

**मीन**

परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। किसी तरह की यात्रा का कार्यक्रम हो, तो आज टालना उचित रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया

# आपदा राहत कार्यों की समीक्षा कर प्रभावितों को सभी जरूरी सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं: भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मुख्यमंत्री ने सवाई माधोपुर जिले के भारी बारिश से प्रभावित गांवों चकेरी, जडावता, अजनोटी, मेनपुरा, धनोली, सूरवाल एवं खण्डार की क्षतिग्रस्त बोदल पुलिया, करौली जिले के अतिवृष्टि प्रभावित गांवों कसेड़, केमकछ, टोड़ी, मल्हापुरां, रांचौली, रहुघाट, मण्डरायल और धौलपुर जिले के राजाखेड़ा उपखंड के अतिवृष्टि प्रभावित गांवों कठूमरा, महमदपुरा, बक्सपुरा, चीलपुरा, चाडियान का पुरा, गढ़ी जाफर, बसई घीयाराम, अंधियारी के साथ ही निभी का ताल व उर्मिला सागर बांध (बाड़ी) का हवाई सर्वेक्षण कर अतिवृष्टि से हुए जलभराव और नुकसान का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने भारी बारिश एवं जलभराव से प्रभावित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष असामान्य और अत्यधिक वर्षा के कारण बने हालात पर राज्य सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। जिला कलेक्टर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से नियमित रूप से बैठक कर फीडबैक लिया जा रहा है।



शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल और सड़कों की मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से पूरे करवाए जाएं। फसल खराबे की भरपाई हेतु गिरदावरी की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में तत्परता बरतते हुए बुनियादी सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क एवं संचार व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बारिश और बाढ़ से हर साल होने वाली समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान की दिशा में भी कार्य कर रही है। जल निकासी, नालों की सफाई और बाढ़ रोकथाम हेतु बुनियादी ढांचा सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चंबल नदी के किनारे बसे जिन गांवों में अतिवृष्टि होने पर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है, वहां स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के अतिवृष्टि एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में सिविल डिफेंस एवं आपदा राहत बलों की टीमें निरंतर कार्य कर रही हैं। धौलपुर जिले में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एवं राहत बचाव कार्य हेतु एसडीआरएफ की 2 टीमें राजाखेडा एवं 1-1 टीम धौलपुर व सरमथुरा उपखण्ड क्षेत्रों में तैनात की गई हैं। एनडीआरएफ की एक टीम धौलपुर मुख्यालय पर तैनात है। सेना का एक दल भी राहत और बचाव कार्यों के लिए धौलपुर बुलाया जा चुका है। इन क्षेत्रों के प्रभावित गांवों में से 2700 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सवाई माधोपुर में भी बचाव दल द्वारा लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। सवाई माधोपुर के मानसरोवर बांध के डाउनस्ट्रीम में बनी बोदल पुलिया की मरम्मत का कार्य भी पूर्ण कर यातायात सुचारू कर दिया गया है।

इस दौरान आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक जितेन्द्र गोठवाल, दर्शन सिंह गुर्जर, हंसराज मीणा, जसवंत सिंह गुर्जर मौजूद रहे।

## कोई भी लाभार्थी सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे- विधायक बालमुकुंदाचार्य

### विधायक बालमुकुंदाचार्य का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** हाथोज धाम श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर के महंत हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य व प्रांत सह संयोजक बजरंग दल सुमित खंडेलवाल के कोटा प्रवास के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर महंत श्रीराम भरोसे महाराज के सानिध्य मे माला, साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार गांव व किसानों के हितार्थ कई जनकल्याणकारी योजनाए लागू की है। जिनका प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को दायित्व है कि कोई भी लाभार्थी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक बालमुकुंदाचार्य को क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चचा की। इस अवसर पर भजपा जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत, राजेंद्रसिंह नाथावत, श्रवणकुमार चौधरी, धर्मराज गुर्जर व विशाल सैनी सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अधिकारी जिले में निवेश को लेकर हुए एमओयू की लगातार मॉनिटरिंग करें-जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को राइजिंग राजस्थान के तहत हुए टोंक जिले से संबंधित एमओयू की प्रगति एवं राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना को लेकर कलेक्ट्रेट कक्ष में संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने उद्योग विभाग के महाप्रबंधक संजय जैन से राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में क्रियाशील, प्रगतिरत एवं पेडिंग प्रकरणों की अपडेट स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पेंडिंग प्रकरणों के संबंध में निवेशकों से संवाद कर उनकी अपेक्षाओं एवं समस्याओं को दूर करें। भूमि आवंटन के संबंध में राजस्व अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर हर संभव विकल्पों को तलाशे।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राइजिंग राजस्थान से जिले के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। साथ ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसलिए एमओयू की क्रियान्विति को गति प्रदान करें। यह राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर समस्या आने पर तत्काल अवगत कराएं।

जिला उद्योग अधिकारी रमाकांत शर्मा ने बताया कि टोंक जिले में राइजिंग राजस्थान के तहत 244 एमओयू हुए। उनमें से 106 में निर्माण शुरू हो चुका है तथा 43 में उत्पादन चल रहा है। बैठक में रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक सीताराम मीणा, विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता पीके करनाल, सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खरीफ फसल का मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन,

### एसडीएम ने शीघ्र गिरदावरी करने का दिया आश्वासन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में क्षेत्र में खरीफ फसल का मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह को ज्ञापन सौंपा है। अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि निवाई क्षेत्र की सभी 41 ग्राम पंचायतों के गांवों में अतिवृष्टि के कारण खरीफ की फसलें पूरी तरह से चौपट हो गई है। किसानों ने कर्ज लेकर खाद बीज खरीदे थे। लेकिन अतिवृष्टि के कारण सभी फसलें नष्ट हो गई हैं। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि गत वर्ष भी किसानों की फसल खराबे को लेकर पटवारियों द्वारा गलत रिपोर्ट पेश की गई थी। जिससे क्षेत्र के किसानों को मुआवजा से वंचित रहना पड़ा। इसलिए इस वर्ष किसानों की खराब हुई फसलों की गिरदावरी करवाकर शीघ्र मुआवजा दिलवाया जाए। उक्त मांग को लेकर उपखंड अधिकारी सिंह को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उपखंड अधिकारी सिंह ने किसानों को फसलों की शीघ्र गिरदावरी करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर किसान महापंचायत के कोषाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी, महासचिव गोविंद चौधरी, सचिव गणेशनारायण मीणा, अंतर सिंह, रामप्रसाद बैरवा, बद्री गुर्जर, राधाकिशन मीणा, देवराज गुर्जर, दयाल मीणा व देवलाल सहित कई किसान मौजूद थे।

## लोकल एवं माईनर एक्ट में कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 6 गिरफ्तार

निवाई (का.स.)। निवाई थाना पुलिस ने लोकल एवं माईनर एक्ट में कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 6 जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में एक दिवसीय विशेष अभियान के दौरान आबकारी अधिनियम में कार्रवाई करते हुए अवैध देशी शराब के 67 पव्वों के साथ आरोपी पिंटू पुत्र प्रहलाद सांसी निवासी कैथूनिया अहमदपुरा को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार जुआ अधिनियम में कार्रवई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पाए जाने पर भगवान पुत्र कालूसिंह, लेखराज पुत्र घासी भाण्ड, रामबाबू पूत्र रमेशचन्द कुमावत व मुकेश पुत्र डालूराम हरिजन तीनों निवासी वार्ड नम्बर 11 वनस्थली व सांवरा कुमावत पुत्र रामकिशन वार्ड नम्बर 13 वनस्थली को गिरफ्तार किया है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने मोबाईल वैन को दिखाई हरी झण्डी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सवाई माधोपुर के तत्वावधान में विधिक सहायता एवं सचल लोक अदालत मोबाईल वैन वाहन संख्या आर.जे. 14 पीसी 7573 को सोमवार को देवेन्द्र दीक्षित, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर सवाई माधोपुर से रवाना किया गया।



इस अवसर पर समीक्षा गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने बताया कि जिले में जिला मुख्यालय सहित अधीनस्थ तालुकाओं गंगापुर सिटी, बामनवास एवं बौंली में 21 जुलाई से 10 अगस्त तक मोबाईल वैन का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर पर स्थित गांवों में मोबाईल वैन का संचालन दो दिवसों के लिये किया जायेगा। प्रथम दिवस 04 अगस्त को जिला न्यायालय परिसर से चकचैनपुरा, पचीपल्या, करमोदा, सूरवाल, मैनपुरा व अजनोटी में मोबाईल वैन का संचालन किया गया। मोबाईल वैन द्वारा नालसा व रालसा द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, अवेयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन, पोश एक्ट, बालविवाह रोकथाम, राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता कानूनों से संबंधित पोस्टर व पम्पलेट्स का वितरण कर प्रचार-प्रसार किया गया। द्वितीय दिवस 05 अगस्त को जिला न्यायालय परिसर से खेड़ली, धमूण, बिलोपा, देवपुरा, एकड़ा, बोरदा, ईटावा, कावड़, चौथ का बरवाड़ा, पांवाडेरा में मोबाईल वैन का संचालन किया जाकर विधिक सेवा योजनाओं, निशुल्क विधिक सहायता, बालविवाह रोकथाम, मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के निस्तारण एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय मीनाक्षी जैन, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी न्यायालय असीम कुलश्रेष्ठ, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश भावना भार्गव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढ़ा, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राजवीर कौर, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 किरण प्रजापत, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-02 अनिता राजवानियां, प्रशिक्षु न्यायिक मजिस्ट्रेट अभय बंसल सहित न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, अधिकार मित्र व अन्य आमजन उपस्थित रहे।

## डेंगू, मलेरिया रोकथाम के लिए स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान हुआ शुरु

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले साहित प्रदेशभर में डेंगू मलेरिया, मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए 4 से 30 अगस्त तक स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसमें चिकित्सा विभाग, शहर में स्थानीय निकाय व ग्रामीण में पंचायती राज विभाग जिम्मेदारी निभाएंगे। सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि मानसून के दौरान और बाद में डेंगू, मलेरिया के रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी होती है। इसलिए इस अवधि में मच्छरों की ट्रांसमिशन श्रृंखला तोड़ने के लिए मच्छररोधी गतिविधियां जरूरी है। इसके लिए अभियान चलाकर एंटीलार्वा व मच्छररोधी गतिविधियां की जा रहे है। चिकित्सा विभाग और स्थानीय निकाय व पंचायती राज विभाग आपसी समन्वय से कार्य करेंगे। चिकित्सा विभाग की ओर से डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर, आशा, एएनएम, सीएचओ की सर्वे टीम, एमपीडब्ल्यू, पीएचएम एलएचवी व अन्य सुपरवाइजरी स्टाफ की ओर से सुपरवाइजरी टीम नियुक्त की गयी है। यह टीमें घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वा, एंटी एडल्ट व आईईसी जागरूकता गतिविधियां कर रही है।

## बहनों का सुरक्षा-सम्मान पर्व का आयोजन आज

टोंक, (का.स.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार, 5 अगस्त 2025 को बहनों का सुरक्षा-सम्मान पर्व का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में कृषि ऑडिटोरियम टोंक में 5 अगस्त को प्रात: 11 बजे कार्यक्रम का प्रसारण एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं से वीसी के माध्यम से संवाद कार्यक्रम होगा। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी एसीईओ होंगे। कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियां महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक द्वारा संपादित की जाएगी।

## देवांशु सोनी ने मोबाइल लौट कर दिया ईमानदारी का परिचय

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रविवार शाम को देवांशु सोनी 16 पुत्र कैलाश चंद्र सोनी निवासी सवाई माधोपुर जो की शाम के टाइम रणथंबोर रोड स्थित चौपाटी मे पिताजी की शॉप न्यू आगरा चाट कार्नर पर जा रहा था, इसी दौरान होटल अंकुर के पास किसी व्यक्ति का मोबाईल सडक पर गिर गया था जो की देवांशु सोनी को मिला जिसे देवांशु सोनी ने गाड़ी रोककर उठा लिया, मोबाईल गिरने की वजह से स्वीच ऑफ हो गया था, अगले दिन कोतवाली जाकर मोबाईल को देवांशु सोनी ने छ्रस्क्र उदय सिंह व कोतवाली थानाधिकारी हरलाल मीणा को जाकर सुपुर्द कर दिया,



तथा मोबाईल को उसके असली मालिक योगेश महावर पुत्र हेमराज महावर निवासी आलनपुर को सुपुर्द कर दिया, लड़के की ईमानदारी देख कर उसके परिवार वाले भी बहुत खुश हुए और वहीँ छ्रस्क्र उदय सिंह व कोतवाली थानाधिकारी ने भी बच्चे की पीठ थप थपाकर बच्चे को शाबासी दी, इस जमाने में जहां बच्चे नौजवान चोरी डकैती नशाखोरी जैसी वारदातों में लिप्त है वही देवांशु सोनी ने मोबाइल उसके असली मालिक को लौट कर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया और अपना और अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया।



# राजस्थान सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं को हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजस्थान सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टोंक जिला क्रिकेट संघ द्वारा वनस्थली विद्यापीठ में चयन ट्रायल का आयोजन कराया गया जिसमें 40 छात्राओं ने भाग किया। जिला क्रिकेट संघ की चयन समिति ट्रायल के बाद रिया चौधरी, नेहा भार्गव , संजना सोनी ,वन्दना पवार, यति पारीक, सारिका सोनी, पलक यादव, पालक त्यागी, मनीषा, लविष्का चावला, भावनी भार्गव, अनुष्का शर्मा, कोमल चौहान, मेधावी, अदिति चौहान व मनीषा मीणा सहित 16 सदस्यों की टीम घोषित की है। यह चयन ट्रायल राजस्थान क्रिकेट संघ की मेंटोर गंगोत्री चौहान, इम्तियाज तथा कोच डॉक्टर उर्वेश शर्मा के संरक्षण में किया गया। टोंक जिला सचिव विवेक व्यास ने चयनित छात्राओं को बधाई दी।

विद्यापीठ की इस उपलब्धि पर बनस्थली विद्यापीठ के कुलपति, प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के निदेशक प्रो. अंशुमान शास्त्री, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष घनश्याम मातारिया ने छात्राओं के चयन पर हर्ष प्रकट किया। चयनित छात्राओं का प्रशिक्षण शिविर वनस्थली विद्यापीठ में 10 अगस्त तक संचालित होगा। छात्राएँ क्रिकेट कोच डॉक्टर उर्वेश शर्मा के संरक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी तथा 10 अगस्त को जयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

# लहरिया महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बाल मंदिर कॉलोनी की सर्व महिला समाज की महिलाओं ने रविवार को लहरिया महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया! इसके प्रति महिलाओं में काफी उत्साह था। रंग-बिरंगे लहरिया पहनकर आई महिलाओं ने झूला झूलने का आनंद लिया! साथ ही सावन के गीतों पर खूब नृत्य किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी हुई! इसमें ममता गोयल मैसेज लहरिया बनी। गेम विजेता अनीता शर्मा व रंजना रावत रही। नीरू डांस विजेता रही। इन सबको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन श्वेता चांडक ने किया।



## मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम आज, तैयारियों को लेकर एनएसयूआई की बैठक संपन्न,कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** स्थानीय डाक बंगले में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई जिसमें 5 अगस्त को जयपुर में मुख्यमंत्री आवास घेराव व आगामी कार्यकारणी की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष हनुमान बेनीवाल का कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

एनएसयूआई के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा ने बताया कि बैठक में जयपुर में मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में एनएसयूआई के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, प्रदेश सचिव प्रशांत गुर्जर, मुकेश सुनारा, अजय मधुकर, विक्रमसिंह गुर्जर, विनोद मीणा, मुरारीलाल मीणा, विष्णु सूर्या, विनोद सूर्या, बाली, लखन, विक्रम, विजेंद्र ध्यावना, मुकेश हिंगोटिया, राजेंद्र सुनारा, सुरेश जगसरा, पवन, बलराम, राहुल बैरवा, मनीष मीणा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डंपर की टक्कर से महिला की मौत, भतीजा घायल, आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया

## प्रागपुरा थाना पुलिस ने की समझाइश, 05 लाख रूपये आर्थिक सहायता देने की बात पर सहमती

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बुचारा में सोमवार को पावटा की ओर आ रहे एक ओवरलोड़ डम्फर की चपेट में आने से एक बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई, बाइक चला रहा उसका भतीजा हादसे में बाल-बाल बच गया, लेकिन वह घायल हो गया। हादसा बुचारा ग्राम से करीब 05 किलोमीटर पहले कालीबाऊ के पास घटित हुआ। हादसे के बाद ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और डंपर मालिक व कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल को मौके पर बुलाने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना एसएचओ किरण सिंह यादव पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। साथ ही फरार डंपर ड्राइवर की तलाश में क्षेत्र में नाकाबंदी भी करवाई गई। वहीं पावटा तहसीलदार संजय खेदड़ व पटवारी मुकेश कुमार आर्य भी घटना स्थल पहुंचे। प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह यादव ने बताया कि बुचारा निवासी लक्ष्मी देवी (47) पत्नी पहलाद भगत अपने भतीजे अजय (25) के साथ पावटा डॉक्टर को दिखाकर बाइक से लौट रही थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे, बालाजी क्रेसर के पास सामने से आ रहे एक डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे महिला लक्ष्मी देवी डंपर के टायरों के नीचे आ गईं और मौके पर हि मौत हो गई, जबकि भतीजा अजय बाल-बाल बच गया। बुचारा सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुर्जर ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइस किया और मृतका के पति पहलाद भगत, हरीराम बलाई, भतिजा विक्रम बलाई, भूतपूर्व सरपंच जयराम मीणा, भगवती प्रसाद मीणा, टिट्टू अग्रवाल, नरेन्द्र बाकोलिया को साथ लेकर बालाजी क्रेसर पर पहुंचे और उन्होंने ओवरलोड़ डम्फर को लेकर

### प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने और ठोस कार्रवाई की मांग



शिकायत की तथा चालक की गलती से महिला की मृत्यु होने सम्बन्धित सूचना दी और पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाने की बात की। बालाजी क्रेसर मालिक शंकर लाल स्वामी ने मृतका के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की बात कही, जिससे ग्रामीणों ने सहमति जताई। पुलिस ने शव को एम्बूलेंस में रखकर पावटा उपजिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया, जहां परिजनों की सहमति से पोस्टमार्टम किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने इस हादसे की निंदा की। उन्होंने प्रशासन को घेरते हुए कहा कि ओवरलोड वाहनों के कारण क्षेत्र में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। सरपंच विमला देवी ने इस हादसे पर दुख जताया, वहीं सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा ने दुख जताते हुए कार्यवाही की मांग की। स्थानीय ग्रामीण गोविंद सिंघल, दिनेश महरड़ा, श्रवण भगत, संतोष जिलोवा, किशन लाल मीणा, प्रेमचंद वर्मा, सुभाष बलाई, हिरालाल मीणा, संतोष बलाई, रामसिंह मीणा, बलवीर सिंह, दिनदयाल सिंघल, सुरेश मीणा आदि ने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने और ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

## नगर विकास न्यास द्वारा कार्रवाई कर 4 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

अलवर (का.स.)। नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा आज न्यास क्षेत्राधिकार में बिना न्यास स्वीकृति एवं भू-संपरिवर्तन के 4 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। नगर विकास न्यास की सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि ग्राम देसूला के खसरा नं. 600 की भूमि जो कि मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड नगर विकास न्यास के नाम दर्ज है पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। इस दौरान नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी एवं क्षेत्रीय कनिष्ठ अभियन्ता मय टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## आमजन की सुविधा एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से प्रत्येक माह के शनिवार व रविवार को उप पंजीयक कार्यालय खुलेंगे

अलवर (का.स.)। उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं पदेन कलक्टर मुद्रांक अलवर प्रथम/द्वितीय ने बताया कि कार्यालय उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग अजमेर के निर्देशानुसार वृत्त अलवर प्रथम/द्वितीय के अधीन उप पंजीयन अलवर प्रथम, अलवर द्वितीय, कोटपूतली, भिवाडी पूर्णकालिक उप पंजीयन कार्यालय आमजन की सुविधा एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से प्रत्येक माह के शनिवार को उप पंजीयक अलवर प्रथम व उप पंजीयक कोटपूतली तथा प्रत्येक रविवार को उप पंजीयक अलवर द्वितीय व उप पंजीयक भिवाडी राजकीय अवकाश दिवसों में भी खुलेंगे।

## रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 16 यूनिट रक्त एकत्रित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आर्ट ऑफ लिविंग युवा सेवा टीम द्वारा मिशन जीवन सेतु के अंतर्गत दिनांक 3 अगस्त 2025 को आर.के. न्यूट्रिशन हब के सहयोग से तथा अलवर ब्लड बैंक के संयुक्त प्रयास से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 16 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस सेवा कार्य का मार्गदर्शन कम्युनिटी डायरेक्टर श्री दीक्षांत लालवानी ने किया। टीम के सेकंड ऑथोरिटियन सदस्यों - शौर्य गोयल, छवि खन्ना, यश एवं भव्य ने शिविर के संचालन में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में आर.के. न्यूट्रिशन हब के संचालक श्री ऋतांशु खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति रही और उन्होंने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## पावटा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा कार्यालय स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य और प्रिंसिपल मंजू जोशी की अध्यक्षता में प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न किस्म के पेड़-पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने विधायक कुलदीप धनकड़ का माला और साफा पहनाकर अभिनंदन किया। स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया और सामूहिक गान पर राजस्थानी कला प्रस्तुत कर आगंतुक अतिथियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम में विधायक कुलदीप धनकड़ ने अपने विचार व्यक्त किए और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और हमें उनकी रक्षा और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। छात्रा मुस्कान ने विधायक का कलर पेंटिंग से सम्मान किया।

## लेकड़ी ग्राम पंचायत के गाँवों रास्तों का बंटाधार:गुर्जर

### आमजन के हित और उनके शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत लेकड़ी के आम रास्तों की खस्ता हालत को देखकर राजऋषि भृतहरी मत्स्य विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष सुभाष गुर्जर के नेतृत्व में एसडीएम अनुराग हरित को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में मांग की गईं है कि ग्राम पंचायत के गाँवों के लोगों का जीवन एकदम दुर्लभ हो गया है। रास्तों में आने -जाने के लिए कोई सुरक्षित मार्ग नहीं है। उन्होंने कहा कि एक गाँव तो ऐसा है जहाँ आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। हाँ कुछ समय पूर्व ग्रेवल सड़क बनाई गईं थी जिसमें भी 4-5फिट तक के गड्ढे बने हुए हैं। आप उन मार्गो का निरीक्षण कर आमजन को राहत पहुँचाने की भी कौशीश करें। हमें उम्मीद ही नहीं अपितु प्रशासन पर यकीन है कि उचित कार्यवाही जरूर होगी। अन्यथा मजबूरन हम सब ग्रामवासियों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे!जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार की होगी।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यालयों मे आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज जिले के विद्यालयों में तिरंगा रैली,, चित्रकारी, रंगोली सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराई गई। इस दौरान बडी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ तिरंगा झण्डा रैली के माध्यम से वंदे मातरम व भारत माता की जयघोष के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं देश प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रथम फेज में 2 से 8 अगस्त तक, द्वितीय फेज में 9 से 12 अगस्त तक एवं तृतीय फेज में 13 से 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें स्कूलों की दीवारों पर तिरंगे की चित्रकारी करवाना, तिरंगा रंगोली कार्यक्रम का आयोजन, तिरंगा राखी वर्कशॉप, तिरंगा मेला आदि कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन की सहभागिता से सम्पन्न कराए जाएंगे।



## ईमित्र कियोस्क पर हुई कार्रवाई के खिलाफ ग्रामीण ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** बानसूर के गांव खेड़ा में पिछले दिनों ईमित्र कियोस्क पर हुई कार्रवाई को वहां के ग्रामीणों ने पक्षपात पूर्ण और बेबुनियाद बताया। गांव खेड़ा के ग्रामीण एकत्रित होकर इस मामले को लेकर बानसूर एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे द्वारा कहीं पर भी ईमित्र किओस्क के खिलाफ किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की गई फिर भी ईमित्र संचालक पर कार्रवाई हो गई।

उन्होंने प्रोग्रामर अधिकारी विनोद सेन पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रोग्रामर अधिकारी द्वारा हमसे दूरभाष पर संपर्क किया गया और कहां गया कि ईमित्र संचालक ने आपसे निर्धारित शुल्क से ज्यादा राशि वसूल की है। जबकि हमारे साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। वही प्रोग्राम अधिकारी से हमारी दूरभाष पर हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि ईमित्र कियोस्क के खिलाफ बार-बार शिकायत मिल रही थी जिस पर हमने कार्रवाई की तो ईमित्र कियोस्क द्वारा अधिक धनराशि वसूल करना पाया गया।

## त्योहार सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, हरसोली व मुंडावर में लिए मसालों के सैंपल



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,(नि.स.)।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार के दिशा-निर्देश में सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हरसोली और मुंडावर कस्बों में खाद्य पदार्थों की जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार ने बताया कि त्योहार के सीजन को देखते हुए विभागीय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से मसालों के नमूने लिए। हरसोली में आशीष कूलवाल पुत्र श्री पवन कुमार गुप्ता, मैसर्स शुभम मसाला उद्योग, जयपुर से लाल मिर्च पाउडर (शुभम मसाला) और धनिया पाउडर (शुभम मसाला) के सैंपल लिए गए। वहीं, मुंडावर में महिपाल सिंह पुत्र श्री महेंद्र सिंह, मैसर्स यादव किराना स्टोर से हल्दी पाउडर का सैंपल लिया गया।

विभाग द्वारा लिए गए सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान व्यापारियों को खुले मसाले और खुला तेल नहीं बेचने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही त्योहार के मद्देनजर प्रतिष्ठानों पर विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेश में संचालित गिव अप अभियान ने बदली सोच

बढ़ता राजस्थान

- जिले में करीब 85 हजार लोगों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सुरक्षा
- जिले में 1 लाख 59 हजार पात्र वंचितों को मिली खाद्य सुरक्षा

**अलवर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में सक्षम व्यक्तियों द्वारा स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए चल रहा 'गिव अप अभियान' प्रदेश में खाद्य सुरक्षा से वंचित पात्र लोगों के लिए आशा की किरण साबित हो रहा है। इस अभियान का लक्ष्य है कि सभी सक्षम एवं अपात्र लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा त्यागें ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिले, इस उद्देश्य से गत वर्ष 1 नवंबर 2024 से 'गिव अप अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा में अपात्र व्यक्ति 31 अगस्त तक स्वेच्छा से अपना नाम हटवा सकते हैं।

जिला रसद अधिकारी श्री विनोद जुनेजा ने बताया कि गिव अप अभियान के तहत राज्य में अब तक 25 लाख से अधिक सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी है तथा प्रदेश में लगभग 27.62 लाख लोगों द्वारा ई-केवाईसी संपन्न नहीं करवाई गई, जिससे उनका नाम स्वतः खाद्य सुरक्षा सूची से हट गया। इस अभियान के कारण पात्र वंचितों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ने में भी बड़ी सफलता मिल रही है। गत 26 जनवरी को खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुनः प्रारंभ होने के बाद अब तक 54 लाख से अधिक पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा चुके हैं।

**अलवर में करीब 85 हजार लोगों ने स्वेच्छा से छोडी खाद्य सुरक्षा**-उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में अलवर जिले में अब तक 84 हजार 438 लोगों ने स्वेच्छा से अपना नाम हटवाया है। वहीं खाद्य सुरक्षा पोर्टल के पुनः प्रारंभ होने के बाद अब तक अलवर जिले में 1 लाख 59 हजार 68 से अधिक पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा के पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं, मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत प्रति वर्ष 450 रुपए में 12 गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपए का सुरक्षा बीमा एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा सुविधा भी मिल रही है। राज्य सरकार के इस कल्याणकारी कदम से वंचित लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

## जिला चिकित्सालय लालसोट की एमसीएच विंग में विश्व स्तनपान सप्ताह के आयोजन की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**लालसोट (नि.स.)।** डॉ अनुराग दैमन ने बताया कि आज राजकीय जिला चिकित्सालय लालसोट के अंतर्गत महिला अस्पताल की एलएमयू में विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम पीएमओ डॉ राजकुमार सेहरा और एमसीएच विंग प्रभारी डॉ लक्ष्मीचंद मीना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

एलएमयू प्रभारी महिला रोग विशेषज्ञ डॉ साक्षी कुमावत ने इस अवसर पर माताओं, नवजात शिशुओं के अभिभावकों और स्वास्थ्यकर्मियों को स्तनपान के महत्व के बारे में जानकारी दी।

महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रवींद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि स्तनपान हर शिशु का अधिकार है, और हर मां को सहयोग की आवश्यकता है।

इस आयोजन के माध्यम से यह बताया गया कि नवजात को जन्म के एक घंटे के भीतर माँ का दूध देना चाहिए। पहले 6 महीने तक



केवल माँ का दूध ही पर्याप्त है।स्तनपान से बच्चों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। माताओं के स्वास्थ्य के लिए भी स्तनपान लाभकारी है। इस सप्ताह की जाने वाली गतिविधियों के अंतर्गत समस्त मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग स्टाफ, ए न एम और सी एच ओ को स्तनपान के महत्व, विशेषकर प्रारंभिक स्तनपान, माता का पहला दूध कोलोस्ट्रम सेवन एवं निरंतर स्तनपान के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा।

इसी कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। बोतल फीडिंग और फॉर्मूला मिल्क के उपयोग पर प्रतिबंध के संबंध में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा यह शपथ ली गई कि उनके द्वारा हर संभव स्तनपान को प्रोत्साहित एवं सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ प्रमोद जैन, डॉ टीकम चंद कुमावत, डॉ अक्षय शर्मा के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्वाधीनता दिवस पूर्व की भांति हर्सोल्लास से मनाया जाएगा : हरित

### स्वाधीनता दिवस की पूर्व तैयारियों को लेकर एसडीएम ने बुलाई बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने समस्त उपखण्ड स्तरीय अधिकारीयों और स्वयंसेवी संस्थाओं सहित अन्य संस्थाओं के संचालकों की बैठक ली। बैठक मैं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों को निर्देश दिए गए कि पूर्व की भांति उपखण्ड स्तर पर स्वाधीनता दिवस के अवसर पर हर्सोल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। वहीं उन्होंने उपस्थित विभिन्न संघो के अध्यक्षो से इस कार्यक्रम में सहायता पहुँचाने की अपील की गईं। उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित ने कहा कि वृक्षारोपण सहित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक योगदान हो इसकी आप सबसे अपेक्षा रखता हूँ। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में हर-घर तिरंगा फहराया जाए जिससे राष्ट्रप्रेम की भावना नई पीढ़ी में जाग्रत हो। वहीं समन्धित विभागों के आला अधिकारीयों को निर्देश दिए गए कि वे अपने विभाग सम्बंधित कार्य को ना भूलें। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र के सराहनीय सम्मान से सम्मानित बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक,नायब तहसीलदार चन्द्रसिंह मीणा, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव,रोटी बैंक संचालक डॉ आर.सी.यादव सहित अधिकारी मौजूद रहें।

# जर्जर भवनों से संबंधित प्रस्ताव समय पर भेजें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई-जिला कलक्टर

## अंतर विभागीय समन्वय एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक में कड़े निर्देश, हर अधिकारी से मांगा जबाव

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** अंतर विभागीय समन्वय एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक सोमवार को कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए कि एसडीआरएफ के तहत जर्जर भवनों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी विभागीय प्रस्ताव में कोई कमी पाई जाती है या जर्जर भवनों की सूचना अन्य माध्यम से प्राप्त होती है, तो संबंधित विभागाध्यक्ष पर कार्रवाई की जाएगी।

### संपर्क पोर्टल पर गंभीरता से हो शिकायतों का निस्तारण

समीक्षा बैठक में संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों के निस्तारण को लेकर कलक्टर ने कहा कि यदि किसी परिवाद को अस्वीकार किया जाता है तो उसका कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए और परिवादी को उपयुक्त मार्गदर्शन भी दिया जाए। उन्होंने निगम, केडीए, आईसीडीएस और स्वास्थ्य विभाग के सूचना सहायकों को अलग से प्रशिक्षित करने के निर्देश भी दिए, ताकि शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

### विभागवार पौधारोपण की समीक्षा

कलक्टर ने नगर निगम द्वारा हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत कम पौधारोपण की जानकारी एप पर अपलोड करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जाए। उन्होंने इस अभियान को गंभीरता से लेते हुए अधिक प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा जताई।

### निवेशकों की हैंडहोल्डिंग की व्यवस्था हो सुनिश्चित

राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू की समीक्षा करते हुए कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि निवेशकों को प्रशासनिक सहयोग दिया जाए और विभाग उनके साथ समन्वय बनाते हुए हैंडहोल्डिंग की प्रभावी व्यवस्था करें। उन्होंने विभागों को नियमित समीक्षा के निर्देश दिए।

### लैंड अलॉटमेंट मामलों में केवल औपचारिक जवाब नहीं चलेगा

लंबित लैंड अलॉटमेंट मामलों को लेकर कलक्टर ने कहा कि पत्राचार मात्र पर्याप्त नहीं है। अधिकारी स्वयं जाकर समन्वय स्थापित करें और यह सुनिश्चित करें कि कार्य धरातल पर तेजी से आगे बढ़े।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और आईसीडीएस भवनों की मैपिंग कर प्रस्ताव बनाएं

जिला कलक्टर ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों की मैपिंग की जाए ताकि जर्जर भवनों को चिन्हित कर त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक स्कूल की आधारभूत संरचना की स्थिति पर निगरानी रखने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो समय-समय पर भवनों की सुरक्षा के मानकों के अनुसार समीक्षा करेगा। विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस विभाग के जर्जर भवनों पर जल्द प्रस्ताव तैयार करने और कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### विकास कार्यों में देरी पर जताई सख्त नाराजगी

एमपी और एमएलए फंड से स्वीकृत विकास कार्यों में देरी पर कलक्टर ने नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागों से यह पूछा कि अब तक टेंडर क्यों नहीं हुए और आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी क्यों नहीं की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। प्रगति बिंदुवार तैयार कर आगामी सोमवार तक उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

# डिवाइडर पर लगाए जा रहे पौधों के लिये पर्याप्त गहराई का गड्ढा खोदने की की माँग

## स्थानीय लोगों ने केडीएल को कराया मामले से अवगत



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा में केडीए द्वारा सड़क के बीच स्थित डिवाइडरों को ग्रीनरी के रूप मे विकसित किया जा रहा है इसके लिए डिवाइडरों पर डेट से 2 फीट चौड़ाई के गड्ढे खोदे जा रहे हैं ।। लेकिन इनकी गहराई 1 फुट से भी कम है। परंपरागत नीम और छायादार पेड़ लगेंगे।

इन गड्ढो मे परंपरागत पेड़ों को ट्री गार्ड लगाकर लगाया जाएगा लेकिन कार्य करने वाली एजेंसी ने खोदे गए गढ़ों की गहराई केवल 9 से 11 इंच रखी है स्थानीय निवासियों ने जब गड्ढे की गहराई जाकर देखी तो वहा पौधे लगाने की संभावना और उसमें किसी भी पेड़ के पनपने की संभावना नही है।

### इनका कहना-

डिवाइडर के नीचे ठोस आरसीसी डामर की सड़क बनी हुई है ऐसे में सड़क के नीचे कम से कम 2 फीट तक गहरा गड्ढा खोदना चाहिए ।तब जाकर कोई पेड़ यहां पर लग सकता है ऊपर से लगाया गया पेड़ ज्यादा दिन नहीं चलेगा समय पैसा तो बर्बाद हो गई एक पौधे की भी जान हम ले लेंगे।

**( नितिन नान्ता )**

-कहीं भी ठोस आरसीसी, डिवाइडर पर यदि पोधरोपन करना है तो उस गड्ढे ,सड़क से नीचे कम से कम 3 से 4 फीट तक का गड्ढा बनाकर उसमें नई मिट्टी और खाद डालकर वहां पौधा लगाना चाहिए।

**( बृजेश विजयवर्गीय-चम्बल संसद )**

-कार्यकारी एजेंसी को पर्याप्त गहराई गड्ढा खोदना चाहिए मामले को दिखाएंगे यदि नीचे ठोस धरातल है तो उसको तोड़ने के लिए आवश्यक साधनों का प्रयोग करने के लिए पाबंद किया जाएगा।

**( अंकित अग्रवाल-एक्सईएन केडीए )**

# मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश स्तर पर नगर निगम कोटा दक्षिण रहा प्रथम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( दामोदर सिंह )।** राजस्थान सरकार द्वारा जरूरतमंद श्रमिको को आर्थिक सम्बल प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री स्वविधि योजना लागू की गयी है। जिसमें पात्र श्रमिको को तीन किस्तों में क्रमशः 10,000, 20,000 एवं 50,000 का ऋण बैंक द्वारा दिया जाना है। इस बाबत सरकार द्वारा प्रदेश ने सभी नगर निकायों को लक्ष्य आवंटित किए गये थे जिसमे नगर निगम कोटा दक्षिण को 1560 व्यक्तियों का आवेदन करवाने का निर्धारित किया गया था। इस लक्ष्य के विरूद्ध निगम दक्षिण द्वारा 2168 पात्र व्यक्तियों का आवेदन कराया गया। निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग राजस्थान जयपुर में की गयी समिक्षा विवरण के अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण इस कार्य में प्रदेश स्तर पर प्रथम रहा है। जिसका टारगेट सफलता 138.97त्न रहा है जबकि सम्पूण प्रदेश स्तर का सफलता प्रतिशत 45.38त्नरहा है। आयुक्त श्री अनुराग भार्गव के सफल मार्गदर्शन मे अनुभाग की टीम के प्रयास से यह मुकाम हासिल हुआ है।

# स्कूलों में आज होगी बच्चों की एनीमिया जांच

## एनीमिया जागरूकता अभियान के पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राज्य सरकार एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आज मंगलवार को कोटा जिले में एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में एनीमिया को लेकर हीमोग्लोबिन की जांच एवं उपचार तथा एनीमिक पाए जाने वाले बच्चों को पोषण किट दिए जाएंगें। सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि जिले में आज एक ही दिन में 20 से 25 हजार जांच का लक्ष्य है। इसके लिए विभाग की ओर से 73 टीमें कोटा शहर व 5 टीमें रामगंजमण्डी क्षेत्र के लिए लगाई गई है। चिकित्सा विभाग की ओर से जांच किट भी उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। सोमवार को स्वास्थ्य भवन सीएमएचओ कक्ष में भारत विकास परिषद द्वारा तैयार स्वास्थ्य पहल एनीमिया जागरूकता अभियान के पोस्टर का विमोचन सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर, डिप्टी सीएमएचओ पक. गोविन्द सिंघल, डॉ सुधीन्द्र श्रंगी, डीपीओ नरेन्द्र वर्मा, भारत विकास परिषद से जोली गोयल, उमा पालीवाल, प्रियंका सैनी, अमन जैन किया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ गोविंद सिंघल ने बताया कि एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत आज जिलेभर में स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों में शक्ति दिवस यथावत मनाया जाएगा।

# सड़क पर मौत का 'वाल्व', 10 दिन में दूसरा हादसा - मगर अफ़सरों की नींद अब तक नहीं टूटी

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा ।** शहर की व्यस्ततम सुकेत रोड पर बीच सड़क निकला लोहे का वाल्व लगातार जानलेवा साबित हो रहा है। बीती रात एक और कार इस उभरे हुए वाल्व की चपेट में आ गई और उसका टायर फट गया। महज़ 10 दिन पहले भी इस ही जगह एक कार का टायर फट गया । यहा महज़ 10 दिन में यह दूसरा हादसा है - और दोनों ही बार वाहन चालक बाल-बाल बचे हैं। बावजूद इसके, पीएचईडी और पीडब्ल्यूडी विभाग अब तक गहरी नींद में हैं। न कोई जांच, न सुधार, न ज़िम्मेदारी। पहले भी इसी मामले में समाचार प्रकाशित हो चुका है, फिर भी जिम्मेदार अफसरों ने आंखें मूंद रखी हैं। स्थानीय



नागरिकों का कहना है कि विभागीय लापरवाही अब हादसा नहीं, अपराध बन चुकी है। पीडब्ल्यूडी ने जहां मरम्मत कर पल्ला झाड़ा, वहीं पीएचईडी ने पाइपलाइन शिफ्टिंग की बात कहकर महीनों से मामला लटकाया हुआ है।

### कब जागेंगे जिम्मेदार? या किसी की जान जाना ही बाकी है

सवाल यह है कि जब हादसे लगातार हो रहे हैं, और पहले से चेतावनी दी जा चुकी है, तब भी अफसरों की चुप्पी क्यों? अब जनता भी सख्त है - नागरिकों ने चेताया है कि अगली बार किसी को चोट आई तो अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया जाएगा। इस मामले में एसडीएम आईएएस चारु वर्मा ने बताया कि इस मामले में पीडब्ल्यूडी और पीएचईडी के अधिकारियों से बात कर जल्द ही इस समस्याओं को हल किया जाएगा ताकि किसी को भी परेशानी और हादसा का सामना नहीं करना पड़े ।

# कोटा मंडल में 1 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रमुख स्टेशनों पर अभियान का आगाज

## डीआरएम कार्यालय एवं स्टेशन कर्मचारियों ने ली स्वच्छता श्रमदान की शपथ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** स्वतंत्रता दिवस के उल्लास को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए रेलवे ने 1 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक कोटा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। डीआरएम कार्यालय कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा एवं स्टेशनों कर्मचारियों को स्टेशन निदेशक एन के मीना ने प्रतिदिन 2 घंटे स्वच्छता श्रमदान की शपथ दिलाई। साथ ही स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। सीनियर डीसीएम सौरभ जैन ने कहा कि स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से यात्रियों में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश में शुरू की गई स्वच्छ भारत की मुहिम में रेलवे बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में फेज-1 में 15 दिनों का ये कार्यक्रम चलेगा। इसके बाद 16 अगस्त से अक्टूबर तक फेज-2 में स्वच्छता का ये कार्यक्रम चलेगा।

# जर्जर स्कूल भवन पर ग्रामीणों का विरोध, स्कूल गेट पर जड़ा ताला

## एस डी एम ने की समझाइश,जांच व मरम्मत करवाऐगे



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी क्षेत्र के गोयन्दा गांव में सोमवार को ग्रामीणों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। जर्जर भवन में बच्चों की पढ़ाई को लेकर ग्रामीणों ने धरना दिया और स्कूल भवन को खतरे से भरा बताया। उनका कहना है कि बारिश के मौसम में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। तहसीलदार नेहा वर्मा मौके पर पहुंचीं और स्कूल के छह कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने माना कि मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग हुआ है। तहसीलदार ने ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने और दोबारा गुणवत्तापूर्ण मरम्मत के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता चतुर्भुज पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना टेस्टिंग के ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। दस लाख से अधिक की लागत से हुई मरम्मत महज़ छह माह में ही खराब हो गई। प्रशासन की समझाइश के बाद ताला तो खुल गया, लेकिन बच्चों की पढ़ाई फिलहाल पेड़ों के नीचे कराई जा रही है। ग्रामीणों ने साफ किया कि मरम्मत होने तक वे बच्चों को जर्जर कमरों में नहीं भेजेंगे। लेकिन सवाल यह भी है कि जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा आखिर कब तक मासूम बच्चे उठाते रहेंगे।

# कोटा स्टेशन पर बिना टिकट यात्रियों की धरपकड़

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड)।** कोटा रेल मंडल में नियमित रूप से विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोटा स्टेशन पर 04 अगस्त को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों की 12 घंटे सघन चेकिंग अभियान चलाकर चेकिंग की गई। कुल 13 चेकिंग स्टाफ से किलाबंदी चेकिंग की गई, जिससे एक भी यात्री बच नहीं सका। मंडल रेल प्रबंधक नेतृत्व में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन के मार्गदर्शन एवं स्टेशन निदेशक श्री एन के मीना, सीटीआई (स्टेशन) एल के मीणा के देखरेख में यह अभियान निष्पादित किया गया। इसमें कुल 58. प्रकरण पर 24,030 रूपए अर्जित हुई। अभियान को सशक्त बनाने के लिए एल के मीणा सीटीआई स्टेशन ,श्री दीपक शर्मा , राकेश शर्मा , मुनेश मीना , सलोनी शर्मा , शुभम सिंह जलधारी विपुल जैन आदि का सहयोग रहा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि बिना टिकट यात्रियों की धर पकड़ के लिए इस तरह के आयोजन निरंतर जारी रखे जाएंगे।

# भैस चोर गिरोह ने चुराई 6 भैसे, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** थाना क्षेत्र के पाई निवासी कालू लाल मीणा के 24 जुलाई को आधे दर्जन भैसे चोरी हो गई थी। चोरी होने पर पुरे गांव के लोग चोरी मामले का पर्दापाश किया जाने की मांग को लेकर पुलिस थाने पहॅुच गये थे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को भैस चोरी प्रकरण का खुलासा करते हुए तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने भैस चोरी प्रकरण में बीएनएस की धारा 303(2) में मामला दर्ज करके अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जिसमें पुलिस टीम को सफलता मिली। पुलिस ने रंगलाल पुत्र हरदेव थाना मेंहदवास जिला टोंक,मनराज पुत्र रंगलाल दोनो पिता पुत्र एंव अनिल पुत्र राजराम उर्फ मिठालाल बैरवा निवासी सुंथली को गिरफ्तार किया गया है। भैस चोरी करने वाले आरोपियो ने एक भैस को 35 हजार में बेचा गया। पुलिस ने 35 हजार रूपये जप्त किये है। इसके अलावा पुलिस ने पिकअप को भी जप्त किया है।



### नगर तिराहे पर आये पकड़ में

भैस चोरी प्रकरण को लेकर पुलिस पुरी निगरानी रखे हुए थे। सोमवार को एक पिकअप जो बंसोली से हिण्डोली वाया नैनवां होकर हरियाणा की ओर जा रही थी। नगर तिराहे पर मुखबीर की सुचना पर पुलिस द्वारा की गई नाकेबंदी के तहत पिकअप को रोक कर देखा तो पिकअप में एक भैस व तीन पाड़िया भरी हुई थी। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा,एसआई देवलाल, कॉस्टेबल रामप्रसाद,रामेश्वर चैधरी ने मौके पर पिकअप को रोकर तलाश किया गया तो देखा कि पिकअप में चोरी की एक भैस व दो पाड़िया रखी हुई थी। चोरो से पुलिस द्वारा की गई पुछताछ में आरोपियो ने भैसे चोरी किया जाना कबूल कर लिया है। पुलिस आरोपियो से कड़ाई से पुछताछ करने में जुटी हुई है।

# कुदायला परसा माता चौराहा बना आक्रोश का केंद्र, महिलाओं ने लगाया सड़क जाम



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा (प्रमोद राठौर)।** रामगंजमंडी तहसील क्षेत्र के कुदायला गांव में सोमवार को ग्रामीण महिलाओं का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा।

कुदायला गाँव की सैकड़ों महिलाओं ने परसा माता चौराहे पर सुकेत-रामगंजमंडी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान महिला प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की और तत्काल समाधान की मांग की। कुदायला की खाल (नाले) से कोटा स्टोन फैक्ट्रियों का मलबा पूरी तरह हटाया जाए।

### फैक्ट्री वेस्ट बना बाढ़ का कारण

ग्रामीणों ने बताया कि गांव से गुजरने वाली खाल में कोटा स्टोन फैक्ट्रियों का कचरा और वेस्ट डाला जा रहा है, जिससे बारिश में पानी का बहाव रुक जाता है और गांव में हर बार बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। कई घरों, रास्तों और खेतों में पानी भर जाता है, जिससे जनजीवन प्रभावित होता है।

### मौके पर पहुंचीं तहसीलदार नेहा वर्मा

घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार नेहा वर्मा मौके पर पहुंचीं और महिलाओं से बातचीत कर समाधान का आश्वासन दिया।

इसके बाद करीब एक घंटे बाद जाम खोला गया।

# डम्पर व कंटेनर की हुई भिड़ंत में तीन जने हुए घायल

## एक की हालत गंभीर होने से किया रैफर, समरावता गांव का मामला



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** टोंक जिले के समरावता गांव के पास सोमवार को सड़क हादसे में तीन जने घायल हो गये। जिसमें से एक की हालत गंभीर होने पर नैनवां उपजिला चिकित्सालय से रैफर किया गया। नगर फोर्ट थाना के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि समरावता गांव के पास एनएच 148डी हाईवे पर कंटेनर एंव डम्पर में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिससे डम्पर चालक तुलसीराम निवासी सवाईमाधोपुर एंव कंटेनर चालक वसीम एंव अनिस दोनो निवासी मेवात के चोटे आई है। घायलो ने बताया कि कंटेनर में पैकिंग आटा भरा हुआ था जो रोहतक जा रहे थे। समारवता के पास डम्पर ने ओवरटेक करते समय आमने सामने की भिड़ंत हो गई। डम्पर चालक को निकाला केबिन में से- समरावता गांव के पास हुआ सड़क हादसे में कंटेनर एंव डम्पर दोनो हाईवे के नीचे खाई में गिर गये। एकाएक हुआ हादसे में मौके पर जाम लग गया। लोगो ने डम्पर चालक केबिन में फंसा होने पर बाहर निकाला गया। नगर फोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस मामले की जॉच में जुटी हुई है।

# जिलेष्वर महादेव मन्दिर में सहस्त्र धारा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाडा एवं शिव भक्त भंवर सिंह पलाडा द्वारा जिला परिषद अजमेर में स्थित जिलेष्वर महादेव मन्दिर पर प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में सहस्त्र धारा का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में सावन के अंतिम सोमवार को आज जिलेष्वर महादेव मन्दिर में सहस्त्र धारा का आयोजन किया गया। सहस्त्र धारा में विधायक श्रीमती अनिता भदेल , शिवराज जी विभाग प्रचारक, जीतमल प्रजापत भाजपा देहात अध्यक्ष, धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ पूर्व आर.टी.डी.सी. अध्यक्ष, दीनबन्धू जी चौधरी, प्रधान सम्पादक दैनिक नवज्योति, नेमीचंद उपाधीक्षक, सी.आर.मीणा पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी, शक्ति सिंह राठौड़ संभागीय आयुक्त अजमेर संभाग, गजेन्द्र सिंह राठौड़ अतिरिक्त जिला कलक्टर अजमेर शहर, शिवराज सिंह पलाडा, युवा भाजपा नेता, राम प्रकाश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला अजमेर सहित सम्मानीय सदस्यगण एवं प्रधानगण सहित जिला परिषद अजमेर के अधिकारीगण एवं हस्तानान्तरित विभाग के अधिकारिगण एवं कर्मचारीगण सहस्त्र धारा में उपस्थित रहें।

# एडीजे कोर्ट ने सुनाया आठ वर्ष पुराने झगड़ेफायरिंग और जानलेवा हमले के मामले में फैसला

## तीन आरोपियों को सुनाई सात वर्ष के कारावास और अर्थदंड की सजा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के एडीजे कोर्ट ने 8 वर्ष पुराने शराब ठेकेदार के कार्मिकों के साथ झगड़े और हमले और जानलेवा फायरिंग के मामले में फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को 7 वर्ष के कारावास के साथ दस,दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। एडीजे कोर्ट के अपर लोक अभियोजक एडवोकेट मनोज सिंह परिहार ने बताया की 6 जून 2016 की शाम शहर के सैपऊ रोड पर शराब ठेकेदार के कार्मिक संजू ठाकुर पुत्र बाबूलाल जादौन और उसके साथी प्रदीप एवं संतोष ठेके की बिक्री की रकम चालीस हजार रुपये को लेकर शराब कारोबारी के ऑफिस जमा करने जा रहे थे।

इस दौरान आरोपी अजय पुत्र सुरेंद्र सिंह,रिजवान उर्फ़ बनिया पुत्र जहागीर, विजय पुत्र सुरेंद्र गुर्जर, जमूरा, नीतू एवं अन्य ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें लाठी, डंडों से न केवल मारपीट की बल्कि रकम को छुड़ाने का प्रयास किया और फायरिंग की। जिसमें प्रदीप को गोली लगी थी। घटना को लेकर पीड़ित संजू ठाकुर द्वारा शहर के कोतवाली थाने पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दी गई। जिसका मामला एडीजे कोर्ट में विचाराधीन था।

एडवोकेट मनोज सिंह परिहार ने बताया कि उक्त मामले में सोमवार को एडीजे सुनील कुमार गुप्ता ने फैसला सुनाते हुए धारा 147,148,323,341,325,504 और 307 आईपीसी में आरोपी अजय पुत्र सुरेंद्र सिंह,रिजवान उर्फ़ बनिया पुत्र जहांगीर और विजय पुत्र सुरेंद्र गुर्जर को दोषी मानते हुए सात साल कारावास की सजा सुनाई है साथ मे 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# वित्तीय समावेशन योजनाओं के संबंधित अभियान के शिविर होंगे आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** जिले में वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संबंधित अभियान आगामी 30 सितम्बर तक संचालित होंगे। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर जन-धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभांवित किया जाएगा।

अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के पुराने खातों की केवाईसी करने के साथ ही नए जन-धन खाते हाल ही में व्यस्क हुए व्यक्तियों के खोले जाएंगे। मंगलवार, 5 अगस्त को अजमेर ग्रामीण की कानस, अरांई की भोगादीत, किशनगढ़ की मालियों की बाड़ी, केकड़ी की कादेड़ा में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार बुधवार, 6 अगस्त को अजमेर ग्रामीण की घूघरा, किशनगढ़ की मोतीपुरा, पीसांगन की भटसूरी, सरवाड़ की गोपालपुरा में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

और उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 7 अगस्त को अरांई की बोराड़ा, किशनगढ़ की जाजोता, पीसांगन की केसरपुरा, सावर की धुंधरी, 8 अगस्त को अजमेर ग्रामीण की कायमपुरा, पीसांगन की भुदवाड़ा, श्रीनगर की तिलाना, भिनाय की डिलीया, 11 अगस्त को अजमेर ग्रामीण की रामनेर ढ़ाणी, अरांई की छोटा लाम्बा, किशनगढ़ की नोसल, केकड़ी की कालेड़ा कृष्णा गोपाल में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# सड़क दुर्घटना में मृत हुये मां-बेटे के परिवारजनों से मिले डॉ. गर्ग

## मृतकों को श्रद्धाजंलि अर्पित कर संवेदना की व्यक्त



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** तुहिया-टोंटपुर रोड पर पिछले दिनों सडक के बीच हुये गडढों की वजह से ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट जाने से मोटर साइकिल सवार मां-बेटे की मृत्यु हो जाने की सूचना पर पूर्व मंत्री, भरतपुर विधायक व राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव डॉ. सुभाष गर्ग जयपुर से भरतपुर आकर मृतकों के आवास पर पहुंचे और मृतकों को श्रद्धाजंलि अर्पित कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने घटना की जानकारी ली और जिला कलक्टर से मृतक परिवार के आश्रित को आर्थिक सहायता दिलाने के लिये कहा।

डॉ. गर्ग ने बरसात के कारण क्षेत्र में जगह-जगह हुए गडढों को भरवाने के भी सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम और भरतपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये ताकि इस तरह के हादसों की पुनावृत्ति न हो।

## जिला प्रशासन का संयुक्त राहत अभियान, बाढ़ के बाद भी सतर्कता और राहत कार्य जारी

# आपदा के बाद राहत के हर मोर्चे पर सक्रिय प्रशासन, चिकित्सा और भोजन के प्रबंधों की जिला कलेक्टर ने की निगरानी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** राजाखेड़ा उपखंड के बाढ़ प्रभावित चहाड़ियन का पुरा और अंडवा पुरैनी गांवों में सेना और जिला प्रशासन द्वारा मिलकर राहत कार्यों को गति दी जा रही है। बाढ़ का पानी उतरने के साथ ही अब प्रशासन की प्राथमिकता प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित और स्वस्थ बनाए रखने की है। इसी क्रम में सेना के जवानों ने न सिर्फ बाढ़ के दौरान लोगों का रेस्क्यू किया, बल्कि अब आपदा के बाद की चुनौतियों से निपटने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने भोजन वितरण की गुणवत्ता को परखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी हाल में प्रभावित लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रखा जाए। सेना द्वारा इन गांवों में जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट वितरित किए गए ताकि कोई भी परिवार भूखा न रहे। चंबल का जलस्तर नीचे आने के बाद संभावित जल जनित रोगों को देखते हुए गांवों में विशेष चिकित्सा शिविर लगाए गए। इन शिविरों में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए संक्रमण से बचाव के उपाय बताए। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि आपदा के बाद किसी प्रकार की बीमारी फैलने की आशंका को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। प्रशासन की ओर से यह भी सुनिश्चित किया गया है कि सभी प्रभावित गांवों में नियमित रूप से चिकित्सा दल भ्रमण करें और जरूरत के अनुसार त्वरित इलाज तथा आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराएं। सेना और जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राहत के इस संवेदनशील समय में आमजन को हर जरूरी सहायता समय पर मिले।



# एरिया डोमिनेशन अभियान में एचएस,सटोरिये व सक्रिय बदमाशान के विरुद्ध कार्यवाही में 24 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज कैलाश बिश्नोई जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर दिगंत आनंद द्वारा चलाए गए एरिया नॉमिनेशन अभियान के तहत कुल 24 के खिलाफ की गई। रविवार 3 अगस्त 2025 को अदरक पुलिस अधीक्षक रामगोपाल एवं भुसावर पुलिस उप अधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा के सुपरविजन में भुसावर थाना अधिकारी नरेश चंद शर्मा द्वारा टीम गठित कर तीन व तीन से अधिक थाने में दर्ज प्रकरण वाले सक्रिय व्यक्तियों हस के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए धारा 170 बीएनएसएस मैं गेरू उर्फ राजकुमार 35 पुत्र कांता प्रसाद जाति ब्राह्मण भुसावर महेश चंद्र 61 पुत्र संपतराम जाति जाटव बड़ा मोहल्ला भुसावर, अशोक पुत्र टुण्डाराम जाती कोली मुंडारा भुसावर, केदार 48 पुत्र रामदयाल कुंडा रोड भुसावर, हुकुम 85 पुत्र देव जाती मीणा निवासी , सतवीर 23 पुत्र विजय सिंह जाति जाटव निवासी घाटरी, कुवरसिह 28 पुत्र टीकम सिह जाति जाटव निवासी घाटरी, विवेक उर्फ रिंकू30 पुत्र अमरसिह जाति मीना निवासी निठार योगेश 44पुत्र रामभरोसी जाति कोली निवासी बारौली, सुबोध 44 पुत्र धर्मा जाति माली निवासी बारौली, गौरव मीना25 पुत्र बनवारी लाल जाति मीना निवासी खिरन नारायण सिह 23पुत्र यादराम जाति गुर्जर निवासी सुहारी थाना भुसावर, ओमप्रकाश 31 पुत्र मुरारी जाति सैनी निवासी बारौली थाना भुसावर, दिनेश 60 पुत्र परभाती जाति जाटव निवासी बडा मौहल्ला, सोनू 27 पुत्र दौलतराम जाति जाटव निवासी बडा मौहल्ला कस्बा. बदनसिह 40 पुत्र प्रतापसिह जाति जाट निवासी बल्लभगढ थाना भुसावर, शिवसिह 30पुत्र पूरन जाति माली निवासी बल्लभगढ थाना भुसावर, मदन मोहन शर्मा 40 पुत्र मंगतीराम शर्मा जाति ब्रहाम्ण निवासी गढी ब्राहम्ण थाना भुसावर , रमन लाल शर्मा 50 पुत्र मंगतीराम शर्मा जाति ब्रहाम्ण निवासी गढी ब्राहम्ण थाना भुसावर घनश्याम 47 दरबसिह जाति जाट निवासी सलैमपुर कला थाना भुसावर, जीतू 26 पुत्र अमरसिह जाति मीना निवासी निठार थाना भुसावर , रोहित 22 पुत्र सियाराम जाति जाटव निवासी सलैमपुर खुर्द थाना खेरली मोड को थाना हाजा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गिरफतार कर पाबन्द कराया गया तथा लोकल स्पेशल एक्ट की कार्यवाही करते हुये सटोरिया मुल0 अभिषेक पुत्र महेशचन्द जाति जाटव निवासी मैनापुरा थाना भुसावर के विरूद्ध मुकदमा नम्बर 250/2025 धारा 13 आरपीजीओ एवं मुल0 कुंवरसिंह पुत्र टीकम जाति जाटव निवासी घाटरी थाना भुसावर के विरूद्ध मुकदमा नं0 251/25 धारा 13 आरपीजीओ पंजीबद्व कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

# शिविरार्थियों ने सावित्री मंदिर के दर्शन कर जाना धार्मिक महत्व

## रॉक क्लाइंबिंग व रैपलिंग का लिया आनंद



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर के सुप्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ नगरी पुष्कर राज में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशन में मंडल प्रशिक्षण केंद्र पुष्कर घाटी पर आयोजित हो रहे पंद्रहवें एडवेंचर शिविर के तीसरे दिन संभागियों ने सावित्री माता मंदिर के दर्शन कर ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व जाना। साथ ही रॉक क्लाइंबिंग व रैपलिंग का लुत्फ उठाया। अजमेर जिले के सीओ स्काउट नरेंद्र खोरवाल ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन संभागियों ने प्रात:काल विश्व प्रसिद्ध सावित्री माता मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान संभागियों को पहाड़ी पर बने रोप वे के माध्यम से पहाड़ी पर चढ़ाया गया। इस दौरान मंदिर सहित पुष्कर का धार्मिक महत्व संभागियों को बताया गया। इसके पश्चात शिविरार्थियों में विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मा मंदिर के दर्शन करते हुए गुरुद्वारा, रंगजी के मंदिर के दर्शन करके पुष्कर धार्मिक स्थलों का अवलोकन किया। द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय स्तर के इंस्ट्रक्टर विक्रम कुमार के नेतृत्व में रॉक क्लाइंबिंग ओर रैपलिंग गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें संभागियों ने शारीरिक दक्षता के साथ साहसिक गतिविधियों को पूरा किया। इस दौरान शिविर केंद्र पुष्कर घाटी से ट्रैकिंग टीम में धीरज सोनी, मनीष कुमार, दिलखुश, राहुल गोदारा, प्रवीण कुमार हाईक के साथ पुष्कर की पहाड़ियों, वनस्पतियों का आनंद लिया। शिविर में विनोद मेहरा, बाबुद्दीन काठात, कालू राम खटीक, रेणु सेन, राम किशोर सालोदिया अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जारी है दवा वितरण और फॉगिंग कार्य

## चिकित्सा विभाग के अधिकारी भी लगातार कर रहे है मॉनिटरिंग

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिले में भारी बारिश और बाढ़ के बाद अब चंबल नदी का जल स्तर कुछ कम हुआ है कई इलाकों जल निकासी होने के साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों के नियंत्रण हेतु लगातार आवश्यक गतिविधियां की जा रही है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर आमजन से स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ले रहे है। रविवार को उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुरा पर जाकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चेतराम मीणा भी साथ रहे। इस दौरान उन्होंने पीएचसी की छत पर जाकर वहां जमी घास और काई को साफ किया।

स्टाफ को किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के लिए पाबंद किया। उन्होंने बताया की चिकित्सा विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ आमजन को राहत पहुंचाने का कार्य कर रहा है। जिले के बाढ़ प्रभावित गाँवो में चिकित्सा विभाग द्वारा दवा वितरण और फॉगिंग करवाई जा रही है। आज राजाखेड़ा के अंधियारी, चाडीयान का पूरा, अंडवा पुरैनी, दिघी , समौना सहित अन्य गांवों में फॉगिंग करवायी गई। उन्होंने बताया कि मेडिकल टीमें अलर्ट मोड़ पर कार्य करते हुए दवा वितरण कार्य कर रही है।

दवा वितरण हेतु राजाखेड़ा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुरा, समोना ,पीएचसी मरेना पर 23 टीम तथा सरमथुरा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों झिरी, शंकरपुर, खिल्ली डंडा, रुंधपुरा , पानवती, हल्लूपुरा में तैनात 5 मेडिकल टीम तैनात है वहीं धौलपुर के बाढ़ प्रभावित मोरोली तथा भमरौली के एक एक टीम दवा वितरण के साथ अन्य आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रही है। हेल्थ सुपरवाइजर तथा आशा सहयोगिनी के माध्यम से भी लोगो को साफ सफाई रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचने के संदेश पहुचाया जा रहा है।

# शुद्ध आहार,मिलावट पर वार:मिठाई सहित तेल सूजी आदि के लिए नमूने

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए 4 अगस्त सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा कस्बा बयाना में अभियान चलाकर मैसर्स, कान्हा मिष्ठान भण्डार, भीम नगर तिराहा का निरीक्षण कर मिठाई व खोआ के दो नमूनें, मैसर्स बजरंग मिष्ठान भण्डार, भरतपुर रोड़, बयाना से मिठाई के चार नमूनें व मैसर्स गरूण उद्योग, मीराना तिराहा, बयाना, से वनस्पति, तेल व सूजी के तीन नमूनें संगृहीत कर खाद्य प्रयोगशाला भिजवाये गये है। साथ ही खाद्य कारोबारियों को शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बेचने व साफ-सफाई का समुचित ध्यान रखने के संबंध में निर्देशित किया गया और मिलावट व हानिकारक रसायनों का उपयोग नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री महेश कुमार शर्मा, रूपसिंह व रोशन लाल यादव आदि मौके पर उपस्थित रहे!

# महादेव के जयघोष से गूंजा सम्पूर्ण वातावरण

## चैतन्येश्वर महादेव की सजाई गई दिव्य झांकी



बढ़ता राजस्थान

**कामां / भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** श्री हरि कृपा आश्रम तीर्थराज विमल कुण्ड में स्थित श्री चैतन्येश्वर महादेव की आज भव्य व दिव्य झांकी सजाई गई ।आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में श्री चैतन्येश्वर महादेव का वेदोक्त रीति से गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद व शकर से महाभिषेक किया गया । रूद्रीपाठ व रूद्राष्टक का सस्वर पाठ श्री महाराज के साथ साथ बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने किया । सावन के अंतिम सोमवार को आज श्री चैतन्येश्वर महादेव के दर्शनों के लिए लगातार श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहा । सुन्दरकाण्ड, भजन-कीर्तन व महाआरती का भी आयोजन किया गया । श्री महाराज ने उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा भाव ही सच्ची उपासना है। सच्चे हृदय से प्रेम व श्रद्धा पूर्वक की गई प्रार्थना को परमात्मा अवश्य ही सुनते हैं। चाहे व्यक्ति को वेद,शास्त्र, पुराणों का ज्ञान चाहे ना हो । आज हमारी,हमारे परिवार की, देश की व समाज की जो दुर्दशा हो रही है विभिन्न प्रयास करने के बावजूद जिससे हम उबर नहीं पा रहे। प्रयास के साथ-साथ प्रभु से उनकी कृपा की याचना से परिपूर्ण भाव सहित प्रार्थना भी करनी चाहिए ।

# सावन के अंतिम सोमवार को कावड़ियों ने किया जलाभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** सावन मास के अंतिम सोमवार को शिवालयों में भक्तों का डाटा लगा रहा अपने-अपने क्षेत्र से डाक कावड़ लेने गए लोगों द्वारा गणतंत्र पर पहुंचकर भोले बाबा का जलाभिषेक किया। उपखंड क्षेत्र मुख्यालय भगत राज हनुमान मंदिर से गया 31 सदस्यों का दल सोमवार को प्रात: कस्बे की सेवा में प्रवेश करते ही आम जन कावड़ियाओं का भव्य स्वागत किया राजा मंडी स्थित ठाकुर गणेश मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद विभिन्न देवलियों में जलाभिषेक किया।

# एनीमिया दिवस पर भारत विकास परिषद करेगा शिविर का आयोजन पूरे

## प्रदेश में एक साथ एक लाख से अधिक बालिकाओं और महिलाओं की होगी एनीमिया जांच

### शहर का मुख्य आयोजन होगा सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल में

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राजस्थान में महिलाओ के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए भारत विकास परिषद,राजस्थान उत्तर पश्चिम क्षेत्र द्वारा एक ऐतिहासिक पहल स्वास्थ्य पहल,एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के अंतर्गत 05 अगस्त को पूरे प्रदेश में एक साथ एक लाख से अधिक बालिकाओं और महिलाओं की एनीमिया जांच की जाएगी और एनीमिया के सन्दर्भ में जागरूकता कार्यक्रम किये जाएंगे। जिससे कि किशोरियों व महिलाओं को इससे होने वाले रोगों से बचाया जा सके। भारत विकास परिषद राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव डॉ शिवदयाल मंगल ने बताया कि भारत विकास परिषद ने राज्य सरकार के साथ अनूठी पहल की है। परिषद के स्वास्थ्य पहल प्रोजेक्ट के माध्यम से एक ही दिन में परिषद की 245 शाखाओं के 15000 से अधिक कार्यकर्ताओं द्वारा 1100 से अधिक स्थानों पर एनीमिया जांच शिविर आयोजित होंगे। जिसमें राजस्थान सरकार स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग व स्थानीय प्रशासन का पूर्ण रूप से सहयोग व सहभागिता रहेगी। शाखा बाड़ी अध्यक्ष मनोज शिवहरे ने बताया कि भारत विकास परिषद् 1963 से निरंतर सेवारत है। देश में 1600 शाखाओं और एक लाख से अधिक सदस्य परिवार लक्ष्य प्राप्ति हेतु समर्पित सहयोग दे रहे हैं। परिषद द्वारा 2020 में एनीमिया मुक्त भारत को राष्ट्रीय प्रकल्प (प्रोजेक्ट) का हिस्सा बनाया। जिसका उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को एनीमिया के बारे में जानकारी देना,उन्हें इसके कारणों व लक्षणों के बारे में शिक्षित करना था।

# श्रावण के अंतिम सोमवार को हरिशेवा उदासीन आश्रम में सहस्त्रधारा अभिषेक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, भीलवाड़ा स्थित श्री हरि सिद्धेश्वर मंदिर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को सहस्त्रधारा अभिषेक विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ। यह पावन आयोजन महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। पूरे श्रावण मास में मंदिर परिसर में प्रतिदिन प्रात: 4 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विविध प्रकार के रुद्राभिषेक, सहस्त्रधारा अभिषेक और शिव पाठ का आयोजन हो रहा है। इन धार्मिक आयोजनों का संचालन आचार्य सत्यनारायण शर्मा और पं. मनमोहन शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक किया जा रहा



है। श्रावण के प्रत्येक सोमवार की भांति अंतिम सोमवार को भी विशेष सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया, जिसका आयोजन अशोक मूंदड़ा परिवार द्वारा करवाया गया। इस पावन अवसर पर रविंद्र जाजू, चांदमल सोमानी, गोपाल विजयवर्गीय, गणेश प्रजापत, रमेश मूंदड़ा, धन्नालाल माली सहित अनेक समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। भगवान शिव का प्रतिदिन आकर्षक और मनोहारी श्रृंगार किया जा रहा है, जिसमें विविध पुष्पों, भस्म, बेलपत्र, दुग्धाभिषेक, मधु, दही, घृत, शहद एवं गंगाजल के साथ रुद्राभिषेक सम्पन्न होता है। श्रद्धालुओं द्वारा पूजन, अर्चन, पाठ-परायण के माध्यम से अपनी भक्ति भावना अर्पित की जा रही है। इस आयोजन में संत गोविन्दराम, बालक सिद्धार्थ, इन्द्रदेव, कुणाल, मिहिर, हेमन्त वच्छानी, ईश्वर आसनानी, अंबालाल नानकानी, पुरूषोत्तम परियानी, हीरालाल गुरनानी, गोपाल नानकानी, कन्हैयालाल मोरयानी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शंकर की आराधना की। इस अवसर पर स्वामी हंसराम उदासीन जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित सबसे पवित्र माह है। इस माह में भगवान शिव की आराधना विशेष फलदायी मानी जाती है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता पार्वती ने भी भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु श्रावण मास में कठोर तप किया था, और तभी से इस मास की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मास में शिवलिंग पर जल, दूध, घृत, शहद, पंचामृत, बेलपत्र, धतूरा आदि अर्पित करने से समस्त बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में शांति, सुख और समृद्धि का वास होता है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रावण मास की विशेष स्तुति रक्षाबंधन पर्व तक प्रतिदिन जारी रहेगी और समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

श्रावण के इस पावन अवसर पर हरिशेवा उदासीन आश्रम का सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ है और श्रद्धालुओं की आस्था एवं भक्ति से मंदिर परिसर शिवमय हो उठा है।

## दीवाना शाह दरगाह कपासन पर भूमिगत मजार के दर्शनों हेतु जायरीनों की लंबी कतारे लगी



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की भूमीगत मज़ार के दर्शन हेतु बुलन्द दरवाजा तक कतारे लगी। धूणा के तरीकबंद फुकरा हजरत को विदाई दी गयी। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि भूमिगत मजार के दर्शन हेतु बुलन्द दरवाजा तक जायरीनों की लम्बी-लम्बी कतारे लगी। आस्ताना ए आलिया मे बाबे नेअमत से प्रवेश दिया। दर्शन के बाद बाबे सलाम से बाहर निकलने कि व्यवस्था की गयी। सभी जायरीन के दर्शन के बाद पट बंद कर दिये गये। यहां आम जायरीन के दर्शन हेतु एक साल बाद पट खोले जायेगें। दरगाह वक्फ कमेटी के सदर अनवर अहमद छीपा ने बताया कि बाद नमाजे जौहर के धूणा तरीकतबंद फुकरा हजरात के रफाईया, मदारिया, जलालिया, सिलसिले के खलीफा, नकीब, भण्डारी, कोतवाल, सिपाही, चाउस, मिस्कीन, ओहदेदारो सहित तकरीबत 70 हजरात को वक्फ कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी, मेहबूब शाह द्वारा बाबा हुजूर की चादर पेशकर विदाई की रस्म अदा की गयी। इस दौरान राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रणजीत लोठ,जिला कांग्रेस सचिव नरेन्द्र विजयवर्गीय, नगर कांग्रेस चित्तौड़गढ़ सचिव मनीष चावला, एडवोकेट राकेश धारू आदि गणमान्यजनों द्वारा भूमिगत मजार के दर्शन कर मुल्क में अमनो सुकून हेतु दुआ की गयी। इस मौके पर आगंतुक अतिथियों का दीवाना शाह दरगाह वक्फ कमेटी कपासन द्वारा दस्तारबंदी कर स्वागत किया गया।

## भाविप चंद्रशेखर आजाद शाखा द्वारा कोर जूनियर कॉलेज, में गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारत विकास परिषद, चंद्रशेखर आज़ाद शाखा द्वारा कोर जूनियर कॉलेज, आजाद नगर में गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 132 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति सम्मान भाव जागृत करना और विद्यार्थियों को प्रेरणा प्रदान करना था।

इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर महादेव बाहेती, को डायरेक्ट अनुराग गट्टानी, मुख्य वक्ता आईसीएआई रीजनल काउंसिल सदस्य सीए निर्भीक गांधी, सहित भाविप संस्कार प्रभारी कुंज चांडक, गुरुवंदन प्रभारी सीए सोनेश काबरा एवं कार्यकारिणी सदस्य योगेश हेड़ा मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों के सम्मान से हुई, जिन्हें पारंपरिक रूप से तिलक व अपर्णा अर्पित कर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले चार विद्यार्थियों स्नेहल माहेश्वरी, श्रीस्थि जागेटिया, विधि बहेडिया और दिया काबरा को प्रशस्ति पत्र, उपहार, गमला व अपर्णा प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य वक्ता सीए निर्भीक गांधी ने कहा कि वर्तमान समय में गुरु और शिष्य के मध्य घटता आयु-अंतर विद्यार्थियों के मन में आदर की भावना को प्रभावित कर रहा है, लेकिन आज भी माता-पिता के बाद गुरु ही वह व्यक्ति हैं, जो अपने शिष्य को स्वयं से अधिक सफल होते हुए देखने की कामना करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से 11वीं एवं 12वीं कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों को सीए बनने की प्रेरणा देते हुए गुरुओं एवं माता-पिता के प्रति कर्तव्य निभाने का आह्वान किया। संस्कार प्रभारी कुंज चांडक ने भारत विकास परिषद की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संचालन सीए सोनेश काबरा द्वारा किया गया। अंत में योगेश हेड़ा द्वारा आभार ज्ञापित किया।

## पत्रकारों को पत्रकारिता के कर्तव्य से विमुख करने का प्रयास

### पत्रकारों के खिलाफ धारा -3 व राजकार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज

**जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) ने सौंपा ज्ञापन**

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** सरकारी तंत्र में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार तथा रावतभाटा उप जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की शराब पार्टी के वायरल विडियों के आधार पर खबरें प्रकाशित एवं प्रसारित करने पर रावतभाटा थाने में पत्रकारों के खिलाफ धारा -3 व राजकार्य में बाधा के मुकदमें दर्ज हुए है। इन झूठे एवं फर्जी मुकदमें को लेकर जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को तथा पुलिस महानिदेशक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंप भ्रश्ट अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक सख्त कार्यवाही अमल में लाने, अन्य उच्च अधिकारी से निश्पक्ष जांच कराने तथा राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई। हाल ही में 29 जुलाई को न्यूज चैनलों एवं समाचार पत्रों में रावतभाटा उप जिला चिकित्सालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, ठेकों में अनियमितता तथा डॉक्टरों की शराब पार्टी के वायरल विडियों के आधार पर तथ्यपरक खबरें कई समाचार चैनलों एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित एवं प्रसारित हुई थी। लगभग दो दशक से एक ही स्थान पर पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जाटव ने इन खबरों के आधार पर मनीश सुखववाल, जौतसिंह, विजय सिंह एवं एक अन्य पर 01 अगस्त को धारा - 3 तथा राजकार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज करवाया गया। भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा दबाव बनाकर फर्जी एवं झूठे मुकदमें दर्ज करा पत्रकारों को पत्रकारिता के कर्तव्य से विमुख करने का प्रयास किया जा रहा है जो सीधा सीधा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ एवं आम व्यक्ति की अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है। इन झूठे एवं फर्जी मुकदमें को लेकर सोमवार को जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम तथा पुलिस महानिदेशक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह को एक ज्ञापन सौंप इस मामले में निश्पक्ष जांच कराने, सौंप भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक सख्त कार्यवाही अमल में लाने तथा राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कर लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की अभिव्यक्ति की आजादी कायम रखने की मांग की गई है। सोमवार को ज्ञापन देने वालों में भुवनेश व्यास, चन्द्रेश जैन, अभिशेक षर्मा, जार के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक वैशणव,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप सुराणा, जिलाध्यक्ष मनोज सोनी, जिला महासचिव नवरतन जीनगर, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सेठिया, जिला संगठन सचिव हरीश पालीवाल, धर्मेन्द्र कुमार सेन, नंदलाल माली, आशीश कोदली, मनीश सुखवाल, जौतसिंह सौगरवाल, विजय सिंह सौलंकी, ओमप्रकाश भोई, शिव कुमार भट्ट, मधुसूदन षर्मा, गौरव जैन सहित कई पत्रकार शामिल थे।

## टीम भगत सिंह आर्मी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** माय युवा भारत भीलवाड़ा (राज.) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सानिध्य में टीम भगत सिंह आर्मी के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत भगवती बाल विद्या भारती स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला के माध्यम से प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें यह संदेश देना था कि जैसे माँ हमें जीवन देती हैं, वैसे ही पेड़ भी हमें जीवनदायिनी वायु, छाया और भोजन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन एवं टीम भगत सिंह आर्मी के सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार के कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने की बात कही।

## आखिर क्या चल रहा है चित्तौड़गढ़ भारतीय जनता पार्टी में

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** जी हाँ सही सुना आपने, चित्तौड़गढ़ की भारतीय जनता पार्टी के बीच शायद कुछ अच्छा नहीं चल रहा है । राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के कुछ समय के बाद से चित्तौड़गढ़ की भाजपा बिखरी सी बिखरी नजर आ रही हैं । रविवार को बड़ीसादड़ी विधानसभा में हुए विभिन्न कार्यो के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह के कार्यक्रम में भाजपा के पुर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सी पी जोशी की अध्यक्षता थी जो कि इन कार्यक्रमों के बने शिलालेख बता रहे हैं परन्तु इन विभिन्न कार्यक्रमों में चित्तौड़गढ़ में ही होने के बावजूद पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी की अनुपस्थिति इस बात को दर्शा रहे हैं कि चित्तौड़गढ़ भाजपा में कुछ तो चल रहा है क्योंकि सीपी जोशी शंभूपुरा में आयोजित कावड़ यात्रा, एक पेड़ माँ के नाम और बिनोता में शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे थे लेकिन बड़ीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के शिलालेख पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के तौर पर उनका नाम अंकित होने के बावजूद भी उन्होंने इन कार्यक्रमों में शिरकत नहीं करके पिछले दिनों सांसद सीपी जोशी व सहकारिता मन्त्री गौतम कुमार दक के बीच सब कुछ ठीक नही होने और दूरियां बढ़ने की छपी खबरों की पुष्टि कर दी हैं।

इससे पूर्व निम्बाहेड़ा विधायक एवं पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी के जन्मदिन के दिन भी मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सी पी जोशी और गौतम दक का मंच सांझा ना करना और दक का हेलिपैड सेही चले जाना चर्चा का विषय था ।

इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह, जिला प्रमुख के पदभार ग्रहण समारोह,योग दिवस, अरबन कॉपरेटिव बैंक के रजत जयंती वर्ष के कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल एवं सहकारिता की रजिस्ट्रार की मौजूदगी के बावजूद सहकारिता मंत्री दक का अनुपस्थिति रहना चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर मंत्री दक के चित्तौड़गढ़ से दूरी बनाने का क्या है कारण राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के कुछ दिनों के बाद से ही जिला स्तरीय कार्यक्रमों से मंत्री दक का दूरी बनाए रखना लोगो के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है।इस बारे में अलग अलग लोगो के अपने अपने विचार हैं, परन्तु ऐसा क्या कारण हैं जो मंत्री दक को अपने ही गृह जिले चित्तौड़गढ़ में आयोजित कार्यक्रम से दूर रहने को मजबूर किए हुए हैं। कुछ दिनों पूर्व बांसवाड़ा में हुई मुख्यमंत्री की सभा में मंत्री दक मौजूद थे तो निम्बाहेड़ा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से क्यों दूरी बनाए रखी।

## सथूर के शिंदकेश्वर महादेव से निकली कावड़ यात्रा, जेसीबी से हुई पुष्प वर्षा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले के सथूर गांव में स्थित शिंदकेश्वर महादेव मंदिर से एक भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शिंदकेश्वर महादेव से शुरू होकर शकरगढ़ के पारदेश्वर महादेव मंदिर, श्री जगदीशपुरी आश्रम तक पहुंची, जहाँ सभी कावड़ियों ने भगवान शिव का अभिषेक किया।

इस कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मोटरसाइकिल पर सवार होकर चल रहे थे। यात्रा का नेतृत्व एक डीजे और महादेव की झांकी कर रही थी, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। रास्ते में, ग्रामीणों और स्थानीय संगठनों ने कावड़ियों का जोरदार स्वागत किया। कई जगहों पर जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा की गई, जिससे यात्रा का नजारा और भी मनमोहक हो गया।

यात्रा के दौरान, जगह-जगह स्टॉल लगाकर भक्तों को फल और अन्य प्रसाद वितरित किए गए। इस आयोजन में सथूर के आसपास के 12 गांवों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कई प्रमुख नेता और गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। इनमें भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, शिंदकेश्वर महादेव समिति अध्यक्ष मनमोहन धाबाई, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, गुर्जर समाज के संरक्षक सोजी लाल धगाल, मीणा समाज के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत और फौजी किशन लाल मीणा शामिल थे।



## बूंदी में खनन व्यापारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, सरकार से 19 सूत्रीय मांगों पर ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी के डाबी और बरड़ खनन क्षेत्रों में सैंड स्टोन व्यवसाय से जुड़े संगठनों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। यह हड़ताल पिछले दो दिनों से जारी है, जिससे प्रतिदिन करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है और लाखों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं।आज, इन संगठनों ने मिलकर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में 19 सूत्रीय मांगें शामिल हैं।

**प्रमुख मांगें-**

- रॉयल्टी दरों को वापस लेना- व्यापारियों ने सरकार से रॉयल्टी की दरों को कम करने की मांग की है।
- पर्यावरण स्वीकृति में सरलीकरण- खनन कार्यों के लिए पर्यावरण स्वीकृति की प्रक्रिया को आसान बनाने की अपील की गई है।
- ड्रोन सर्वे के आदेशों को वापस लेना- ड्रोन सर्वे के आदेशों को रद्द करने की मांग की गई है।
- पर असमानता- भीलवाड़ा और बूंदी जिलों में ओवरलोड को लेकर नियमों में असमानता को दूर करने की मांग की गई है।
- संगठनों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी मांगों पर सहमति नहीं बनती, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। इस प्रदर्शन में डाबी बरड़ स्टोन माइंस ऑनर्स विकास समिति, यूनाइटेड स्टोन क्रेशर वेलफेयर सोसाइटी, और डाबी कोलंबस यूनियन जैसे प्रमुख संगठन शामिल रहे। अशोक कुमार (सेक्रेटरी) और नियाज अहमद , राधेश्याम बैरागी व्यापारी ने इस विरोध प्रदर्शन में भागीदारी की।
- अब देखना यह है कि सरकार इन मांगों पर कब और कैसे प्रतिक्रिया देती है।




## वन एवं पर्यावरण मंत्री का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत एवं अभिनंदन

### प्रदेश की सात करोड़ जनता अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगा उसका संरक्षण करे - संजय शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजस्थान सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के भीलवाड़ा आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं विधायक गोपीचंद मीणा, उदयलाल भडाना, महापौर राकेश पाठक, एक पेड़ मां के नाम अभियान के जिला संयोजक, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी के सानिध्य में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं का परिचय लेकर उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम लगाने के आह्वान पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसी के तहत गत 27 जुलाई को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत



प्रदेश के सभी सरकारी विभागों, स्वयंसेवी संगठनों, एनजीओ, राजनैतिक पार्टियों सहित आमजन द्वारा 2 करोड़ 51 लाख पौधों का रोपण किया गया और अब तक कुल 7 करोड़ 51 लाख पौधों का रोपण किया जा चुका है। उन्होंने प्रदेश की 7 करोड़ जनता से अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान की गति प्रगति वन एवं पर्यावरण मंत्री के समक्ष रखी।

## पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कपासन के प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर भक्तों का तांता लगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार को नगर में स्थित प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर अलसुबह से श्रद्धालुओं एवं शिवभक्तों का हर हर महादेव इत्यादि जयकारों के साथ तांता लगना शुरू हो गया। जिसमे शिवभक्तों के साथ मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों की रेलमपेल भी बनी रही। पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शिवभक्तों द्वारा श्री सोमेश्वर महादेव को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, फल, फूल, माला, अगरबत्ती, चंदन, इतर, बिल्वपत्र, दही, शहद इत्यादि पूजन सामग्री अर्पित कर शिव जी की श्रद्धाभाव के साथ आराधना की गयी। उल्लेखनीय हैं कि श्रावण



मास के अंतिम सोमवार को मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों सहित दिनभर कपासन के प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर श्री सोमेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना एवं दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की रेलमपेल बनी रही।

सांयकाल श्री सोमेश्वर महादेव को आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार कराया गया।जो भक्तों एवं श्रद्धालुओं में आकर्षण केंद्र रहा। सांयकाल श्री सोमेश्वर महादेव की महाआरती उपरांत भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो,
वेवजह की विनम्रता दूसरो के अहम को बढ़ावा देती है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# लोकसभा में विपक्ष का बिहार एसआईआर पर हंगामा

## शिबू सोरेन के सम्मान में राज्यसभा मंगलवार 11 बजे तक स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 11वां दिन है। दोनों सदनों में सुबह 11 बजे से कार्यवाही शुरू हुई। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने बिहार में वोटर्स लिस्ट रिवीजन के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद स्पीकर ने पहले 2 बजे तक और फिर कल 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी।

लोकसभा में आज केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया आज लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 और नेशनल एंटी-डोपिंग एक्ट (अमेंडमेंट) बिल, 2025 पेश करने वाले हैं। दोनों बिलों पर एक साथ चर्चा की जाएगी। नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल का मकसद खेल संगठनों के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाना है।

वहीं, राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होने के बाद सिटिंग सांसद शिबू सोरेन के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सांसदों ने उनके सम्मान में मौन रखा। इसके बाद सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए सस्पेंड कर दिया।

राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 13 अगस्त से छह महीने और बढ़ाने का प्रस्ताव पेश करने वाले थे। इस प्रस्ताव को लोकसभा से 30 जुलाई को मंजूरी मिल गई है। 10 दिनों में अब तक सिर्फ दो दिन पूरे दिन चर्चा हुई 21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही लगभग ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए। 10 दिनों के दौरान, सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा हुई थी।



### मानसून सत्र 32 दिन चलेगा, 18 बैठकें होंगी

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक यानी कुल 32 दिन चलेगा। इस दौरान 18 बैठकें होंगी, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर वस्तु संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का राहुल से सवाल-कैसे पता चीन ने जमीन हड़पी

### पुख्ता जानकारी क्या है, सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने पूछा- आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग चरू जमीन पर कब्जा कर लिया है, विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। कोर्ट ने कहा- जब सीमा पार संघर्ष चल रहा हो, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप (राहुल गांधी) विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोले। इसके साथ, सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता (उदय शंकर श्रीवास्तव) और यूपी सरकार को नोटिस भेजा है।

## थार ने सड़क किनारे खड़े 4 लोगों को रौंदा

### रोहतास में महिला की मौत; टक्कर मारने के बाद हवा में 7 फीट उछली गाड़ी

बढ़ता राजस्थान

**सासाराम, रोहतास।** रोहतास में बेकाबू थार ने 4 लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। 3 साल की बच्ची और 2 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा काराकाट थाने के जमुआ पेट्रोल पंप के पास रविवार को शाम 6 बजे हुआ।

मृतका की पहचान जमुआ गांव निवासी इंदु देवी (47) के रूप में हुई है। पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में पूरा हादसा कैद हुआ है। इसमें सड़क पर तेज रफ्तार थार आती दिख रही है। थार पहले महिला को टक्कर मारती है फिर दीवार पर बैठे लोगों को। इसके बाद वो सड़क किनारे गिर जाती है। बताया जा रहा है कि गाड़ी में सवार लोग नशे में थे।

## रूस के ऑयल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक

### आग लगी; विस्फोट का वीडियो बनाने वाली दो रशियन लड़कियों को हिरासत में लिया



बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को।** यूक्रेन ने रूस के सोची स्थित एक ऑयल डिपो पर ड्रोन से हमला किया। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने बताया कि ड्रोन के मलबे के तेल टैंक से टकराने के बाद आग लगी, जिसे बुझाने के लिए 120 से ज्यादा दमकलकर्मी लगाए गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डिपो से उठते काले धुएं के गुबार देखे जा सकते हैं। हमले के बाद रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने कुछ समय के लिए सोची एयरपोर्ट पर उड़ानें रोक दीं। इस दौरान 2 रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था।

**रूस ने यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराने का दावा किया**-रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रशियन सेना ने शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और ब्लैक सी के ऊपर यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए। हालांकि रूस के वोरोनेज क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए।

### लालसोट में ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना शिलान्यास एवं धन्यवाद समारोह

## हर गांव-ढाणी तक सुविधाएं पहुंचाकर लोगों का जीवन बेहतर बनाना हमारा संकल्प : मुख्यमंत्री शर्मा

### लालसोट विधानसभा में 120 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य विकास कार्य भी स्वीकृत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के हर गांव, हर ढाणी और हर व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाकर लोगों का जीवन बेहतर बनाना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को सशक्त एवं समृद्ध बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है।

श्री शर्मा सोमवार को दौसा जिले के लालसोट विधानसभा क्षेत्र स्थित डूंगरपुर गांव में आयोजित समारोह में रिमोट का बटन दबाकर ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि महादेव की कृपा से प्रदेश में भरपूर बारिश से जलाशय लबालब हो गए हैं और ईरसदा बांध में भी खूब पानी आया है। उन्होंने कहा कि ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना के तहत लालसोट में लगभग 350 करोड़ रुपये की लागत से 8 स्वच्छ जलाशयों, 5 पंपहाउस, 47 उच्च जलाशयों का निर्माण किया जाएगा। इसमें 280 किलोमीटर राइजिंग मुख्य पाइपलाइन, 200 किलोमीटर से अधिक मुख्य पाइपलाइन एवं 1360 किलोमीटर वीडीएस पाइपलाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक पूर्ण किए जाने वाले इन कार्यों से 302 गांवों की लगभग 5 लाख 58 हजार आबादी और लालसोट की करीब 69 हजार आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। श्री शर्मा ने कहा कि लालसोट विधानसभा में 120 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य विकास कार्यों की भी स्वीकृति दी गई है।

### डेढ़ साल में पानी-बिजली के क्षेत्र में किए ठोस कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले डेढ़ साल में पानी, बिजली, बुनियादी ढांचे और प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए अनेक निर्णय लिए हैं। पेयजल और सिंचाई की समस्या के स्थायी समाधान के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, माही बांध योजना सहित विभिन्न कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 8 हजार 496 करोड़ रुपये खर्च कर 82 हजार 964 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई है। श्री शर्मा ने कहा कि हम वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली भी उपलब्ध कराएंगे।

### पारदर्शिता से हो रही भर्तियां, 75 हजार से अधिक युवाओं को मिली नियुक्ति

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी नौकरियां सृजित करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। साथ ही, 3 लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल में 6 रोजगार मेलों के माध्यम से 75 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं और एक लाख से अधिक पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किए गए हैं। राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी भर्तियों का आयोजन कर रही है। हमारे कार्यकाल में एक भी भर्ती परीक्षा का पेपरलीक नहीं हुआ है।

## पहलगाम हमले के आतंकी पाकिस्तानी थे, लोकल नहीं

### दावा-सिक्योरिटी एजेंसियों ने 6 सबूत पाकिस्तान के डेटाबेस से मैच किए; सेना बोली-हमने जानकारी नहीं दी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को मारे गए तीन आतंकी लोकल नहीं, पाकिस्तानी थे। यह जानकारी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने सबूतों के आधार पर न्यूज एजेंसी को दी है। अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाकिस्तानी वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। सुरक्षा एजेंसी ने इन सबूतों को पाकिस्तान के नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी से मैच किया। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा- ये सबूत आतंकवादियों की पाकिस्तानी नागरिकता साबित करते हैं। हालांकि, रक्षा मंत्रालय के इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने कहा- सोशल मीडिया पर पहलगाम हमलावरों की पहचान और बैकग्राउंड को लेकर एक रिपोर्ट फैलाई जा रही है। यह रिपोर्ट सेना की ओर से जारी नहीं हुई है।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वैक्सीन वैज्ञानिक की सजा पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वैक्सीन वैज्ञानिक डॉ. आकाश यादव की सजा और दोष पर फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने सोमवार को कहा कि डॉ. यादव का काम वैक्सीन विकास से जुड़ा है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और देशहित के लिए बेहद जरूरी है। डॉ. यादव की पत्नी ने 2015 में आत्महत्या कर ली थी और सुसाइड नोट में पति को जिम्मेदार बताया था। शादी को उस वक्त 7 महीने ही हुए थे।

## संसद में आंतरिक सुरक्षा को लेकर हाई लेवल बैठक हुई

### गृह मंत्री अमित शाह से मिले एनएसए डोभाल; पीएम मोदी ने विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की

बढ़ता राजस्थान



फाइल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद भवन में सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को लेकर हाई लेवल बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, इंटेलिजेंस ब्यूरो डायरेक्टर तपन कुमार डेका, गृह सचिव गोविंद मोहन मौजूद रहे।

इससे पहले संसद भवन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के साथ बैठक की। दिल्ली में ये बैठकें जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के 6 साल पूरे होने से एक दिन पहले हुई हैं। मीटिंग्स में किन मुद्दों पर चर्चा हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। सोर्स के अनुसार, देश की मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई है। बीते दिन पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कुछ घंटों के अंतराल पर अलग-अलग राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी। इन मुलाकातों के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

राष्ट्रपति भवन ने ट्वीटर पर दोपहर 12:41 बजे जानकारी दी थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। शाम 6:37 बजे राष्ट्रपति भवन ने लिखा था, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति से मुलाकात की।

## 2013 केदारनाथ हादसा : कंकालों की खोज दोबारा शुरू

### आपदा के बाद से हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता; 702 की आज तक पहचान नहीं

बढ़ता राजस्थान

**रुद्रप्रयाग (एजेंसी)।** केदारनाथ में 2013 में आई आपदा में लापता हुए लोगों के कंकालों की खोज इस साल फिर से शुरू हो सकती है। उस आपदा में लापता हुए 3075 लोगों का आज तक पता नहीं चल सका है। इसके लिए उत्तराखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में सरकार से लापता हुए लोगों के कंकालों की खोज करके उनका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किए जाने की अपील की गई थी। सरकार अब तक चार बार टीमें भेज चुकी है।

**7 साल बाद मिले थे 703 नरकंकाल**-2020 में खोजी दल ने चट्टी और गोमुखी क्षेत्र में 703 नरकंकाल बरामद किए गए थे। 2014 में 21 और 2016 में 9 कंकाल बरामद हुए थे। नवंबर 2024 को 10 टीमें विभिन्न पैदल मार्गों पर खोज में निकली थीं, लेकिन उन्हें भी सफलता नहीं मिल पाई थी। प्राप्त कंकालों के डीएनए परीक्षण के जरिए इनके परिजनों का पता लगाया जाता है।

ऐसे में इस साल दोबारा सर्च टीम भेजने की तैयारी की जा रही है। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन के अनुसार इस साल भी सर्च टीम भेजने की तैयारी है। हम रिपोर्ट को हाईकोर्ट में प्रस्तुत करने जा रहे हैं। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 2016 और फिर 2019 में राज्य को निर्देश दिए थे कि वह 3075 लापता लोगों के अवशेषों की तलाश करे और उनका अंतिम संस्कार करे। आदेश के बाद सरकार की ओर से केदारनाथ के आसपास के पैदल मार्गों में सर्च टीमें भेजी गई थी। 702 मृतकों को अपनों की तलाश केदारनाथ आपदा में मारे गए 702 लोगों की आज तक पहचान नहीं हो पाई है। इन मृतकों के डीएनए नमूनों की रिपोर्ट पुलिस के पास है। पर आज तक इन मृतकों की पहचान नहीं हो पाई। क्योंकि जिन 6 हजार लोगों ने अपने डीएनए दिए थे उनमें से किसी से भी इनका मिलान नहीं हो पाया है। इसलिए अब तक 702 लोगों को अपनी पहचान का इंतजार है।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार